RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 13 | सीकर, बुधवार 11 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## विधायक दल की बैठक में सीएम बोले-विधायकों पर तीसरी आंख

# लगातार कामकाज पर नजर रखी जाती है, प्रदेश में एंटी-इनकंबेंसी का माहौल नहीं : सीएम शर्मा

जयपुर।



जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- विधायकों के कामकाज पर लगातार नजर रखी जाती है। पार्टी और सरकार की ओर से विधायकों पर तीसरी आंख लगी है, इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार और कामकाज को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विधानसभा में मंगलवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार के अब तक के कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी कामों के चलते प्रदेश में एंटी-इनकंबेंसी का माहौल नहीं है। यह सरकार के लिए सबसे सुखद बात है। सरकार लगातार विकास और जनता के हित के काम में जुटी है। इससे जनता का विश्वास सरकार में बना हुआ है।

सीएम भजनलाल ने मंत्रियों से भी कहा- आने वाले वर्ष में हमें प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों तक अपनी पहुंच मजबूत करनी हैं। इसके लिए मंत्री जनता के बीच 8 से 10 घंटे रहकर काम करें।

सीएम ने विधायकों से कहा- मंत्री और विधायक जनता के बीच में जाकर समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। क्योंकि जनता से सीधा संवाद ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। सीएम ने कहा- प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में ग्राउंड तक जाए और सरकारी योजनाओं से आमजन को जोड़े। उन्होंने सदन में सक्रिय और प्रभावी प्रदर्शन करने वाले विधायकों की सराहना भी की। बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायकों से कहा- आपने जो भी मांगा, हमने वो सब आपको दिया है।

### राजस्थान दिवस को लेकर भी चर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने सभी विधायकों को राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए कहा। बता दें कि इस बार राजस्थान दिवस समारोह की शुरुआत स्वच्छता अभियान और विकसित रन से होगी। साथ ही एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी, जनजातीय कला प्रदर्शनी, युवा शक्ति मेला, उद्योगपतियों के साथ संवाद और किसान सम्मेलन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन भी होगा।

## शिविर में 467 यूनिट रक्त संग्रहित



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** खिरोड़ में अग्रसेन भवन में सर्व समाज के सौजन्य से स्व. मंजू कंवर की याद में महंत मोती नाथ महाराज के सानिध्य में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ स्व. मंजू कंवर को श्रद्धांजलि अर्पित करके किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर के दौरान 467 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में रेनवाल ब्लड सेंटर जयपुर, स्वास्तिक ब्लड सेंटर जयपुर, गेटवेल हॉस्पिटल सीकर एवं शेखावाटी ब्लड सेंटर सीकर की टीमों ने रक्त संग्रहित किया। कार्यक्रम के दौरान शिविर सिंह एवं युवा कार्यकर्ता जयपाल सिंह की देखरेख में महंत मोतीनाथ महाराज का मल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम समिति के कृष्ण सिंह खिरोड़ एवं समस्त टीम द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर किशोर सिंह निठारवाल, पूर्व सरपंच सतीश भींचर, रामनिवास शेषमा, पूरणमल सोनी, केशर सिंह, कैप्टन सीताराम सिंह, बजरंग सिंह, राधेश्याम सिंह, सूबेदार सुमेर सिंह, योगेंद्र सिंह शेखावत, मोहनवाड़ी के पूर्व सरपंच बृजेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, शंकर सिंह, देवेंद्र सिंह, देवी सिंह जोधपुर, भवानी सिंह, सुभाष सिंह, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, दिनेश सिंह, प्रमोद शर्मा, अजय शर्मा, हनुमान सिंह, संजय सिंह चंदेल, श्याम सिंह, दीप सिंह, भंवर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी ने मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफकार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब दो लाख रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य की 9.15 ग्राम स्मैक बरामद की है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओमप्रकाश के निर्देशन में सीएसटी ने हरमाड़ा थाना पुलिस के साथ मिलकर इस संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी को हरमाड़ा इलाके में मादक पदार्थ की सप्लाई होने की पुख्ता सूचना मिली थी। इस पर टीम ने जाल बिछाया और रिद्धि सिद्धि नगर तिराहा बैनाड़ रोड के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9.15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने विशाल 21 निवासी टांईएजिला झुंझुनू हाल हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लेकर आया था और जयपुर में इसके नेटवर्क से कौन.कौन जुड़ हैं।

## चयन स्पर्धा 12 व 13 मार्च को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में पंच गौरव कार्यक्रम अंतर्गत चूरू जिले में एक जिला-एक खेल: एथलेटिक्स को प्राथमिक खेल के रूप में विकसित किए जाने हेतु आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। आवासीय प्रशिक्षण हेतु 12 व 13 मार्च, 2026 को जिला खेल स्टेडियम में बालक व बालिका वर्ग चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम 2025-26 एक जिला एक खेल एथलेटिक्स के अंतर्गत प्रतिभा खोज आवासीय प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन स्पर्धा में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसमें बालक वर्ग की चयन स्पर्धा 12 मार्च तथा बालिका वर्ग की 13 मार्च को चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन स्पर्धा में अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों का आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बालक वर्ग का प्रशिक्षण शिविर जिला स्टेडियम, चूरू में तथा बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिविर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, राजगढ़ चूरू में आयोजित किया जाएगा। जिला क्रीड़ा परिषद, चूरू द्वारा चयनित खिलाड़ियों को आवास, भोजन, पानी आदि सुविधाएं नियमानुसार निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा चयनित खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं टी-शर्ट वितरित की जायेगी तथा आवासीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान चयनित खिलाड़ियों को भ्रमण पर ले जाया जायेगा। उन्होंने बताया कि चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी व मूल दस्तावेज साथ लेकर आएं।

## नेत भोमिया मंदिर का स्थापना दिवस 13 मार्च को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव के प्रसिद्ध नेत भोमिया मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस 13 मार्च को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। मंदिर कमेटी के सूबेदार ख्यालीराम बुगालिया ने बताया कि इस मौके पर 12 मार्च रात्रि को चौमू की बालाजी भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन होगा। साथ ही विशेष पूजा पाठ और प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर गांव के श्रद्धालुओं और युवाओं द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्थापना दिवस पर आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## बेटियों ने केनवास पर उकेरी अपनी कल्पनाएं

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में पिपराली स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक पीसीपीएनटीडी नंदलाल पूनिया ने पीसीपीएनटीडी एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी के समान माना गया है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और पुरूषों से कंधे से कंधे मिलकर चल रही है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है फिर चाहे वह राजनीति का क्षेत्र या अंतरिक्ष। कार्यक्रम में डॉ सावित्री भामू ने बालिकाओं को कड़ी मेहनत पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बालिकाओं ने केनवास पर अपनी कल्पनाओं को कूंची के माध्यम से उकेरा और महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम का परिचय दिया। वहीं विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र की प्रधानाचार्या सुमन, प्रशिक्षण महेश जांगिड़ सहित सभी छात्राएं व स्टाफमौजूद रहा।

## यात्रियों को मिलेगी सुविधा, गौशाला के पास बन रहा प्रतीक्षालय

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल स्थित बाबा सुन्दरदास गोपाल गोशाला के पास यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया द्वारा प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है जिसका लोकार्पण 22 मार्च को होगा। इसके चलते क्षेत्र से गुजरने वाले यात्रियों और गोभक्तों को धूप, गर्मी व बरसात के समय बैठने के लिए उचित स्थान उपलब्ध हो सकेगा। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण व राहगीर आते-जाते रहते हैं।

## नगरीय विकास कर बकाया पर निगम ने की छह संपत्तियां कुर्क

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर ने नगरीय विकास कर बकाया को लेकर विद्याधर नगर जोन में मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह संपत्तियों को कुर्क किया। कार्रवाई के दौरान तीन बकायेदारों ने मौके पर ही 9 लाख 2 हजार 150 रुपये जमा करवा दिए, जबकि तीन संपत्तियों को सीज कर दिया गया। निगम आयुक्त गौरव सैनी के निर्देश पर उपायुक्त करणी सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उपायुक्त ने बताया कि नगरीय विकास कर बकाया होने पर छह संपत्तियों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तीन संपत्ति धारकों ने राज्य सरकार द्वारा ब्याज और पेनल्टी में दी जा रही छूट का लाभ उठाते हुए बकाया राशि जमा करवाई।

## महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में पायल सैनी ने लिया भाग



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** दिल्ली स्थित इंद्रा भवन में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के तत्वावधान में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में चूरू की निवर्तमान सभापति व राजस्थान महिला कांग्रेस की महासचिव पायल सैनी ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए की गई। इस अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओबीसी वर्ग की महिलाओं को राजनीति और सामाजिक जीवन में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

पायल सैनी ने बताया कि इस दौरान उन्हें राहुल गांधी से मिलने और मंच से अपने विचार रखने का अवसर भी मिला, जो उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और समान अवसर जैसे विषयों पर देशभर से आई महिलाओं के साथ सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं को नेतृत्व देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में केसी वेणुगोपाल, अल्का लांबा एवं राजेंद्र पाल गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता एवं देशभर से आई कांग्रेस की महिला प्रतिनिधियाँ उपस्थित रहीं।

## ईरान संकट के बीच सरकार का कदम सराहनीय : तृप्ति त्रिपाठी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** ईरान-इजराइल तनाव और युद्ध के बीच भारत में गैस सप्लाई को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। देश के कई शहरों से एलपीजी (रसोई गैस) की कमी की खबरों के बीच सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है। इसका मकसद आम जनता की रसोई तक गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और जमाखोरी-कालाबाजारी पर पूरी तरह से लगाम कसना है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सरकार को यह अधिकार है कि वह जरूरी वस्तुओं के उत्पादन, सप्लाई और वितरण को नियंत्रित कर सके ताकि आम जनता को उचित कीमत पर सामान मिलता रहे। ईरान संकट के बीच सरकार का यह कदम बेहद सराहनीय है। इससे गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगेगी और आम उपभोक्ता की रसोई सुरक्षित रहेगी। मैं तृप्ति त्रिपाठी सिखवाल जिला उपभोक्ता जागरण समिति सीकर की सचिव होने के नाते उपभोक्ताओं से अपील करती हूं कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी तरह की जमाखोरी या अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 : जयपुर क्वालिफायर में ताटीवाला और शर्मा विजेता

**जयपुर ( नवयत्न )।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की ओर से आयोजित बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के जयपुर क्वालिफायर का समापन रामबाग गोल्फ क्लब में हुआ। प्रतियोगिता में शहर के प्रतिभाशाली एमेच्योर गोल्फर्स ने अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लावण्या ताटीवाला और कमलाकर शर्मा ने जीत हासिल कर इस वर्ष आयोजित होने वाले बीएमडब्ल्यू गोल्फकप नेशनल फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। टूर्नामेंट के 16वें संस्करण के तहत देश के कई शहरों हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम में क्वालिफाइंग राउंड आयोजित किए जा रहे हैं। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप विश्व की प्रमुख एमेच्योर गोल्फ टूर्नामेंट सीरीज में से एक है, जिसमें 40 देशों के करीब एक लाख खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। विभिन्न देशों के विजेता खिलाड़ी आगे चलकर वर्ल्ड फाइनल में भाग लेते हैं।



## पेंशनर समाज का नव वर्ष कलैंडर विमोचन एवं होली मिलन समारोह आयोजित



नवरत्न अग्रवाल

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज सांगानेर की उपशाखा द्वारा सांगानेर में सभी पेंशनरों का होली मिलन समारोह आयोजित शाखा के संरक्षक सुभाषचन्द्र गोयल के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर और उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष जीके मीणा एवं जिला मंत्री मदनलाल थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधन किया और अस्सी वर्ष से अधिक के तेरह वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह वाघेला द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2028 की बधाई और शुभकामनाएं दी गई और आगामी वर्ष के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समापन के समय सभी सम्मानित मंचासीन अतिथियों को धन्यवाद देकर सभी उपस्थित सदस्यों को सहभोज दिया गया।

## विदेशी महिला के कटे पैसे 24 घंटे में लौटाए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोतवाली थाना पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक विदेशी महिला के खाते से गलती से कटे 30 हजार रुपये 24 घंटे के भीतर वापस दिलवाए। महिला ने दिल्ली से जयपुर आने के लिए टैक्सी बुक की थी, जिसमें 3 हजार रुपये की जगह 30 हजार रुपये का भुगतान हो गया था। पुलिस के अनुसार स्लोवाकिया गणराज्य की रहने वाली एक महिला वैज्ञानिक भारत में आईआईटी दिल्ली में आयोजित एक कॉफ्रेंस में भाग लेने आई थी। फ्लाइट रद्द होने के कारण वह घूमने के लिए जयपुर आ गई और दिल्ली से टैक्सी बुक कर जयपुर पहुंची। टैक्सी चालक उसे चौड़ा रास्ता क्षेत्र में उतारकर चला गया। करीब 3-4 घंटे बाद महिला ने अपने खाते में 30 हजार रुपये कटने की जानकारी देखी, जबकि किराया केवल 3 हजार रुपये होना था। इसके बाद उसने पुलिस थाना कोतवाली उत्तर में शिकायत दी। थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अभय कमांड सेंटर और सीसीटीवी कैमरों की मदद से कैब का नंबर ट्रेस किया। इसके बाद संबंधित कैब कंपनी से संपर्क कर वाहन को ट्रैक कराया गया और 24 घंटे के भीतर महिला की पूरी राशि वापस दिलवा दी गई। राशि वापस मिलने पर विदेशी महिला ने जयपुर पुलिस की तत्परता की सराहना की।

## धानुका आदर्श विद्या मंदिर में परीक्षा यज्ञ सम्पन्न

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ की श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व परीक्षा यज्ञ सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल ने आवश्यक निर्देश दिये। व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने यज्ञ की उपयोगिता के बारें में प्रकाश डाला। श्यामलाल शर्मा ने संगीत मय मंत्रोचारण से परीक्षा यज्ञ सम्पन्न करवाया। परीक्षा प्रभारी राजेश कुमार बशीर ने परीक्षा में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रभारी नागरमल प्रजापत, दामोदर मंगलहारा, दिनेश कुमार तिवाड़ी, श्यामलाल प्रजापत, पवन कुमार ठठेरा, श्याम सुन्दर ठठेरा, ताराचन्द्र माली, प्रकाश चन्द्र माली, जींवण सिंह, औंकार सिंह, बजरंगलाल, गिरधारीलाल, नरेन्द्र प्रजापत, सुरेश गहलोत, संजय इन्दौरिया आदि उपस्थित थे ।

## कोबरी-सार



## स्मारकों और संग्रहालयों में 18 मार्च को विद्यार्थियों को मिलेगा नि:शुल्क प्रवेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने अपने अधीन सभी संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 18 मार्च नि:शुल्क प्रवेश की घोषणा की है। निदेशक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग डॉ. पंकज धीरेन्द्र ने बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय के सभी आयु वर्ग के बच्चों और युवाओं को राजस्थान की समृद्ध विरासत, इतिहास और संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से उक्त घोषणा की गई है। निदेशक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने बताया कि पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधीन सभी संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में 07 वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश नि:शुल्क है एवं लेटर पैड हस्ताक्षर युक्त पत्र के साथ आने वाले शिक्षण संस्थाओं को भी पूरे सप्ताह प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्मारकों और संग्रहालयों में नि:शुल्क भ्रमण करवाया जाता है।

## परीक्षा पूर्व यज्ञ किया



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तारानगर प्रांगण में परीक्षा पूर्व यज्ञ किया गया जिसमें प्रधानाचार्य दया कंवर द्वारा मां सरस्वती के सामने द्वीपप्रवचलित कर यज्ञ आरंभ किया गया। गायत्री मंत्र उच्चारण द्वारा यज्ञ संपन्न किया गया इस मौके पर अनेक शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनके साथ ही विद्यालय में मातृ वेशभूषा दिवस मनाया गया जिसमें सभी आचार्य आचार्यों व बहिनें मातृ वेशभूषा में विद्यालय में आए। इसके साथ ही विद्यालय में सुरक्षा सखी संवाद पंखवाड़ा 1 से 15 मार्च तक मनाया जाएगा। जिसमें कविता द्वारा राजकोट सिटीजन अप के बारे में समस्त स्टाफ को जानकारी दी गई इस ऐप के माध्यम से महिला अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती हैं एइसके बारे में हमें जानकारी दी गई यदि किसी प्रकार का कोई महिला पर अपराध हो रहा हो तो इस ऐप के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर द्वारा हम महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं ।

## परीक्षा से पूर्व यज्ञ का हुआ आयोजन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की मंजुला सराफ आदर्श विद्या मन्दिर में परीक्षा से पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण स्वामी ने बताया कि भारतीय संस्कृती एवं वैदिक परम्पराओं के अनुसार किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले यज्ञ का विधान है उसी क्रम में परीक्षा से पूर्व माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । किसी भी मांगलिक कार्य को करने से पहले देवताओं का आव्हान किया जाता है । अभी परीक्षा की शुरूआत होनी है। इसलिए सरस्वती माता विद्या की देवी को प्रसन्न करन के लिए यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। जिससे परीक्षा बिना किसी बाधा के सफल हों सके तथा उसका उत्तम परीक्षा परिणाम रहें इसके लिए विद्यालय के सभीभैयाध् बहिन, आचार्य, आचार्या दीदी यज्ञ वेदी में पंडित गोविन्द शर्मा के आतिथ्य में मंत्रोच्चार के साथ आहुती देकर परीक्षा को सफल बनाने की कामना की गई। इस अवसर पर ममता स्वामी, तारा दर्जी, सुषमा सैनी, शिल्पा मारू गुंजन पारीक, अनिता मारू, रामनारायण मारू काशीराम स्वामी, बजरंग सिंह भाटी, रामचन्द्र सुथार, अजय सिंह रावत, रक्षा भाटी, धनराज सैन आदि उपस्थित रहें।

## छात्राओं को साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी देगा पुलिस विभाग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 12 मार्च को विशेष ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से होगा, जिसमें स्कूल और कॉलेजों के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को जोड़ा जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सिविल राइट्स एवं एएचटी) लता मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना,, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा राजकॉप एप जैसे सुरक्षा प्लेटफॉर्म के उपयोग के बारे में अवगत कराना है। साथ ही विद्यार्थियों को कानून और उनके अधिकारों की भी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के तहत दो सत्र आयोजित होंगे। पहला सत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा, जिसमें साइबर अपराध के उप महानिरीक्षक विकास शर्मा डिजिटल युग में साइबर जागरूकता और महिला सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। वे सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताएंगे। दूसरा सत्र दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें अपराध शाखा के उप महानिरीक्षक दीपक भार्गव नई न्याय संहिता और महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देंगे। पुलिस विभाग की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल और सामाजिक परिवेश में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक जानकारी देना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।

## बाइक फिसलने से दो घायल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मंगलवार शाम को लाडनूं रोड पर स्थित आरके गार्डन के पास मोटरसाइकिल स्लिप होने से दो युवक घायल हो गए, जिनको उधर से गुजर रहे एटीएस के जवान रामस्वरूप निवासी लोहा, 108 एम्बूलेंस कर्मियों व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में राजू पुत्र भीखाराम जाट, सुखाराम पुत्र अमराराम जाट निवासी गनोड़ा के नाम शामिल हैं। वहीं मामले की सूचना लाडनूं पुलिस को भी दी गई है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत

## वितरकों के पास एक दिन का ही स्टॉक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। ईरान, इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब राजस्थान में भी दिखाई देने लगा है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में गैस सिलेंडर की कमी सामने आ रही है और उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित हो रही है। एलपीजी वितरकों के अनुसार जयपुर में करीब सात दिन पहले की सिलेंडर बुकिंग अभी तक लंबित पड़ी है। कई वितरकों के पास केवल एक दिन का ही स्टॉक बचा है, जिससे स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। एलपीजी वितरक दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में करीब 1 करोड़ 65 लाख उपभोक्ताओं के सामने गैस संकट गहरा सकता है।

जयपुर सहित राजस्थान के 10 बॉटलिंग प्लांट्स में केवल 2 से 3 दिन का स्टॉक बचा है, जिसके कारण सिलेंडर सप्लाई प्रभावित हो रही है। वितरकों का कहना है कि केंद्र सरकार और तेल कंपनियों की ओर से सिलेंडर बुकिंग पर 25 दिन का नियम लागू किया गया है। इसके अलावा दो ट्रक के ऑर्डर देने के बावजूद कंपनियों की ओर से केवल एक ही ट्रक भेजा जा रहा हैए जिससे डिलीवरी में देरी हो रही है और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। स्थिति को देखते हुए कई जगहों पर कॉमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है और फिलहाल केवल घरेलू



उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वितरकों का यह भी कहना है कि संभावित संकट की आशंका से लोग आवश्यकता नहीं होने पर भी सिलेंडर बुक कर रहे हैं और घरों में जमा करने लगे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर और दबाव बढ़ रहा है। वहीं कई जगहों पर मोबाइल के माध्यम से सिलेंडर बुकिंग भी प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। यदि जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में प्रदेश में एलपीजी की किल्लत और बढ़ सकती है।

## सहकारी समिति ने शुरू की सरस लाडो मायरा योजना

# बेटी के विवाह पर 21 हजार रुपए का भात

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ठाकुरसिंहवाली दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति ने शुरू की ष्सरस लाडो मायरा योजना, बेटी के विवाह पर 21 हजार रुपये का भात सीकर-झुंझुनू जिले की दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के लिए एक प्रेरणादायक पहल करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड ठाकुरसिंहवाली ने अपने स्तर पर ग्राम गढ़ भोपजी में सरस लाडो मायरा योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत समिति अपने दुग्ध उत्पादक सदस्य की बेटी के विवाह अवसर पर 21हजार रुपये का भात प्रदान कर सामाजिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में समिति द्वारा एक दुग्ध उत्पादक की पुत्री के विवाह अवसर पर 21, हजार रुपये का चेक दुग्ध उत्पादक के नाम से प्रदान किया गया। इसके साथ ही लड़की एवं उसके माता-पिता को कपड़े भेंट किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा सहयोग स्वरूप 7,100 रुपये नकद राशि भी प्रदान की गई। इस सामाजिक पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। कार्यक्रम में सरस डेयरी के प्रबंध निदेशक एल. सी. बलाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न दुग्ध समितियों के अध्यक्ष एवं दुग्ध उत्पादक ओमप्रकाश, भंवरलाल सूंडा, हरदेव सिंह, त्रिलोक, सांवरमल, रिछपाल सिंह, राकेश सहित लगभग 50 से 60 दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे और सभी ने मिलकर भात रस्म निभाई।

इस दौरान उपस्थित किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों ने सीकर डेयरी के प्रबंध निदेशक एल. सी. बलाई को अवगत कराया कि यदि इस प्रकार की योजना सीकर दुग्ध संघ स्तर पर लागू की जाती है तो इससे हजारों दुग्ध उत्पादक परिवारों की बेटियों को सामाजिक सहयोग मिलेगा और महिला सशक्तिकरण



को नई मजबूती मिलेगी। श्री बलाई ने किसानों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस प्रस्ताव को सीकर दुग्ध संघ के बोर्ड के समक्ष रखेंगे और शीघ्र ही इस प्रकार की योजना को व्यापक स्तर पर लागू करने का प्रयास करेंगे। योजना की प्रमुख शर्तें इस प्रकार हैं। सदस्य दुग्ध उत्पादक लगातार 2 वर्षों तक दूध देने वाला होना चाहिए तथा एक वर्ष में कम से कम 180 दिन दूध आपूर्ति की हो। सदस्य द्वारा वर्ष में न्यूनतम 300 लीटर दूध समिति को दिया गया हो।

लाभार्थी समिति का स्थायी सदस्य होना आवश्यक है। योजना का लाभ केवल दो लड़कियों तक ही दिया जाएगा। विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि ठाकुरसिंहवाली समिति की यह पहल सीकर एवं झुंझुनू जिले की अन्य दुग्ध समितियों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण बन सकती है।

# भावनात्मक नहीं सशक्त बदलाव की ओर बढ़ी महिलाएं : एडीएम

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत अजीतगढ़ पोस्ट ऑफिस के पास स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय पुराना भवन में नीमकाथाना के अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख के मुख्य आतिथ्य, राजस्थान शिक्षा परिषद की उपनिदेशक दीपा मुंडोतिया की अध्यक्षता एवं नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश मीणा एवं श्रीमाधोपुर तहसीलदार स्नेहलता राजौरिया के विशिष्ट आतिथ्य में कर्तव्यनिष्ठ महिला कार्मिकों का सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमकाथाना एडीएम भागीरथ साख ने कहा कि महिलाओं को अपने कार्य क्षेत्र में भावनात्मक नहीं सशक्त बदलाव की ओर बढ़ना चाहिए। सदैव अपने दायित्व के निर्वहन हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ देने की महत्वाकांक्षा



रखनी चाहिए। नीमकाथाना एएसपी लोकेश मीणा ने कहा कि महिलाएं आज भी सभी क्षेत्रों में अग्रणी पंक्ति में हैं। इनकी उपलब्धियों के लिए यह वंदनीय एवं अभिनंदनीय है।

सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की रुपाली गर्ग एवं डॉ. राशि अग्रवाल सहित 110 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में सीकर जिला समन्वयक राकेश लाटा, पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़, अजीतगढ़ विकास अधिकारी सुनील कुमार, निवर्तमान अजीतगढ़ प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव, अजीतगढ़ डीवाईएसपी प्रेम बहादुर निर्भय, अजीतगढ़ थानाधिकारी विजय सिंह, सीबीईओ अजीतगढ़ मोहनलाल डूडी, सीबीईओ श्रीमाधोपुर सुमन शर्मा, विजय यादव, देवेन्द्र परमारएपी के सिंह, महेश दीवान, मनीष मीणा, सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, ब्लॉक संयोजक शंकरलाल शर्मा, शिक्षाविद् पवन शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन दिनेश गोविन्द शर्मा ने किया।

## जान से मारने की धमकी देने वाला पुलिस रिमांड पर

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने व 20 लाख रूपए मांगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को कोतवाली थाने में अब्दुल रहमान चौहान, निवासी वार्ड नं. 10, तगाला मस्जिद के पास सुजानगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया था कि 9 दिसम्बर 25 से लेकर 11 जनवरी 26 तक मुझे अलग-अलग मोबाईल नंबर व व्हाट्स अप पर कॉल आए, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने मुझसे 20 लाख रूपए मांगे और पैसे नहीं देने पर मुंह दिखाने के काबिल नहीं छोड़ने, जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने आईटी की सहायता से आरोपी की पहचान की और आखिरकार आरोपी मजीद उर्फ टीप्पू निवासी चांद बास, सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर किया गया है, जहां पर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर रखे जाने के आदेश मिले हैं।

## सावित्री बाई का जीवन त्याग, संघर्ष और समाजसेवा का प्रतीक : अहलावत

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केंद्रीय सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्रालय के बाबू जगजीवनराम नेशनल फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि चिड़ावा कॉलेज परिसर में मनाई गई। जिला पर्यावरण सुधार समिति के बैनर तले हुए इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत थी। कार्यक्रम में संतोष अहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्री बाई फुले ने समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई का जीवन त्याग, संघर्ष और समाज सेवा का प्रतीक है। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा और समाजसेवा के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से मोबाइल से दूरी बनाकर समय का सदुपयोग करने और समाज के लिए सकारात्मक कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य ऋचा कुलश्रेष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ पवन पूनियां, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, वर्षा सोमरा, गायत्री और मंजू कुलहरि मौजूद रहे। इस अवसर पर बाबू जगजीवनराम के नाम पर संचालित बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी राजेश




अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक न्याय से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम से पहले आयोजित निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रभुशरण तिवाड़ी, डॉ शंभू पंवार, मनोज शर्मा, महेश आजाद, निर्मला शर्मा, पूनम जांगिड़, पूनम नूनियां, गुड्डी सोमरा, अभिषेक मुरारका सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अफीम की खेती पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सदर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अफीम की खेती पकड़ी है। सदर थाने के सीआई पुष्पेंद्र झाझडिया व उनकी टीम ने गांव भाषीना की रोही में स्थित खेत में अफीम की खेती पकड़ी और मजदूरों को लगवा कर करीब 31 हजार 200 पौधे उखड़वाए। जप्त की गई अफीम की फसल का वजन 2690 किलो में 320 ग्राम है। सीआई पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि आरोपी सांवताराम पुत्र भागूराम जाट निवासी गांव भाषीना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सांवताराम यूट्यूब से अफीम की खेती करने का तरीका सीख कर बड़ी कमाई के लालच में यह खेती कर रहा था और उसने करीब 2 बीघा में यह खेती की। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बचने के लिए सौंप व सरसों की फसल के बीच में यह खेती की ताकि लोगों को शह न हो। अफीम के पौधों को बाहर निकालने में पुलिस को करीब 20 घंटे का वक्त लगा। पुलिस करीब 78 कटो में फसल को भरकर सुजानगढ़ थाने लाई है।

### दो साल पहले डर के चलते पौधे उखाड़े

सीआई पुष्पेंद्र झझडिया ने बताया कि दो साल पहले भी आरोपी सांवताराम ने अफीम की खेती की थी, लेकिन कुछ दिनों बाद आरोपी को पुलिस में शिकायत होने का डर लगाए जिसके चलते उसने खुद ही अपने खेत में से अफीम की फसल को उखाड़ फेंका। लेकिन इस बार उसके सिर पर पैसे कमाने का भूत सवार था। क्योंकि बाजार में अफीम की कीमत करीब 1 लाख 50 हजार प्रति किलो बताई जा रही है।

### 13 मार्च तक भेजा पुलिस रिमांड पर

दूसरी ओर इस मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाने के सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी सांवताराम को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां पर न्यायालय ने आरोपी को 13 मार्च तके पुलिस रिमांड पर रखे जाने के आदेश दिए हैं। पुलिस आरोपी से अनुशंधान करने में जुटी है।

## सरस्वती देवी प्रजापत के नेत्रदान से दो व्यक्तियों को मिलेगी रोशनी

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भरतीयों की ढाणी निवासी ओमप्रकाश घोड़ेला परिवार ने सरस्वती देवी के देवलोकगमन पर नर सेवा नारायण सेवा की भावना से उनके नेत्रों का महादान कर समाज व क्षेत्र में सेवा का अनुकरणीय व पुनित उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्र की देवकिशन स्मृति सेवा समिति के सीताराम जांगीड़ ने बताया कि गत रात्रि में करीब 11 बजे उन्हें ओमप्रकाश घोड़ेला की धर्मपत्नी सरस्वती देवी प्रजापत उम्र 67 वर्ष के देवलोकगमन की सूचना मिली। उन्होंने समिति के साथी राम रतन प्रजापत से बात की व दोनों ओमप्रकाश घोड़ेला के घर गये व उनसे तथा उनके पुत्रों भंवरलाल, निवर्तमान पार्षद व नेता प्रतिपक्ष लालचन्द्र, राधाकिशन व विष्णु प्रजापत से चर्चा कर नेत्र महादान हेतु प्रेरित किया। सभी परिजनो ने आपसी समझ पश्चात् सहमति सूचित कर दी, तब सरदारशहर नेत्र बैंक से तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व दिनेश शर्मा मध्य रात्रि 1 बजे पहुंचे व सफलता पूर्वक कोर्णिया प्राप्त कर लिया। सरस्वती देवी के परिजनो को मौके पर ही नेत्र दान का प्रमाण पत्र समिति के सीताराम जांगीड़ व राम रतन प्रजापत की उपस्थिति में प्रदान किया गया। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि समिति के तत्वाधान में यह प्रथम नेत्र महादान है। इससे क्षेत्र के नागरिकों में नेत्र दान हेतु प्रेरणा मिलेगी। समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों में घोड़ेला परिवार के सदस्यों को इस महादान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## महिला सम्मान समारोह व नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम 14 को

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा श्रद्धा-महिला सम्मान समारोह 2026 एवं नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार, 14 मार्च की शाम को माहेश्वरी सेवा सदन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायन उमा झंवर, डायरेक्टर एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक, इंदौर उपस्थित रहेगी। वे कार्यक्रम में नेत्रदान के महत्व और उसके सामाजिक प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करेगी तथा लोगों को नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वाली महिलाओं में गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी, सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायिका डॉ गायत्री शर्मा, साहित्यकार डॉ साधना प्रधान, योग विशेषज्ञ अंजली सैन तथा योग विशेषज्ञ श्रद्धा सैन के नाम शामिल हैं। लायंस क्लब के जोन चेयरमैन एमजेएफ लायन कमल तापड़िया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा लायनवाद है और इसी भावना के साथ लायंस क्लब समाज सेवा के कार्य निरंतर करता रहा है। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं डॉक्टर्स से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## कच्छावा पेंशनर्स मंच के प्रवक्ता नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा सीकर के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पवार ने प्रदेश नेतृत्व की सहमति तथा मंच के मुख्य सलाहकार रिटायर्ड आरएएस सज्जन सिंह शेखावत की अभिशंषा से पत्रकार आनंद सिंह कच्छावा को सीकर पेंशनर्स मंच का प्रवक्ता नियुक्त किया है। पेंशनर्स मंच के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गोपी राम जांगिड़ यालसर ने आनंद सिंह कच्छावा को सीकर मंच का प्रवक्ता नियुक्त किए जाने का प्रदेश नेतृत्व आग्रह किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सीकर जिला अध्यक्ष पंवार ने कच्छावा को सीकर मंच का प्रवक्ता नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष पंवार ने समिति के उपाध्यक्ष रमेश कुमार इंदोरिया, सचिव वीरेंद्र कुमार माथुर तथा संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह निर्वाण को निर्देशित किया है कि मंच की बैठकों एवं समारोह की कार्रवाई विवरण तैयार कर प्रकाशन हेतु नव नियुक्त प्रवक्ता कच्छावा को अवगत कराएंगे। कच्छावा की नियुक्ति पर मंच के पदाधिकारियो ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का कुएं में मिला शव

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गाडराटा पंचायत की ढ़ाणी जालपाला के एक दिमागी रूप से परेशान युवक का शव कुएं में मिला है। युवक पिछले पांच दिन से लापता था। एएसआई शैतान सिंह ने बताया कि ढ़ाणी जालपाला तन गाडराटा निवासी गुगन सिंह ने 7 मार्च को थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई की उसका भाई शीशराम 35 पुत्र मातादीन सैनी दिमागी रूप से परेशान हैं तथा उसका जयपुर से ईलाज चल रहा है। वह 5 मार्च को घर से बिना बताए निकल गया, जिसकी काफी तलाश करने पर भी सुराग नहीं लग पाया। मंगलवार सुबह मृतक के परिजन पास के राजस्व गांव प्रतिभानगर के खेतों में तलाश करते हुए पहुंचे तो कुएं से बदबू आ रही थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो थानाधिकारी राजपाल सिंह मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे। इस दौरान लोरिगं मशीन व ग्रामीणों की मदद से एक व्यक्ति को कुएं में उतारा गया तो कुएं में शीशराम का शव पड़ा हुआ था। जिस पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकालकर खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में ले जाया गया। मृतक शीशराम अविवाहित था तथा छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। दिमागी रूप से परेशान होने के कारण उसका जयपुर से उपचार चल रहा था। पुलिस ने राजकीय उप जिला अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एएसआई ने बताया कि परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आमजन को ग्लूकोमा रोग के प्रति किया जा रहा जागरूक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आसंजन की स्क्रीनिंग व उपचार के साथ उन्हें ग्लूकोमा रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अंधत्व एवं दृष्टिहीनता को दूर करने, नेत्र सुरक्षा सेवा प्रदान करने के लिए वैश्विक ध्यान केन्द्रित करने तथा आम जन के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिवर्ष मार्च माह के द्वितीय सप्ताह को विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष हर वर्ष की भांति 08-14 मार्च 2026 को विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम ग्लूकोमा-मुक्त दुनिया के लिए एकजुट होना रखी गई है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य जयपुर प्रथम डॉ. इन्द्रा गुप्ता और उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि समुदाय में ग्लूकोमा रोगियों की पहचान के लिए उनकी स्क्रीनिंग की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान में उपचार हेतु रेफर किया जा रहा है आशा, एएनएम एवं सीएचओ द्वारा आमजन को ग्लूकोमा रोग से बचाव और रोकथाम के उपाय साझा किए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही जिले के सोशल मीडिया प्लेटफार्म द्वारा आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

## पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी से जयपुर में मचा हड़कंप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। भारत सरकार का पासपोर्ट सेवा केंद्र ऑर्बिट मॉल और रीजनल पासपोर्ट ऑफिस जयपुर झालाना को ई-मेल के जरिए गैस बम से विस्फोट करने की धमकी दी गई। धमकी देने वाले ने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया था। सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस, एटीएस और बम डिफ्यूज टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों कार्यालयों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा के मद्देनजर कार्यालयों में मौजूद कर्मचारियों और आम लोगों को बाहर निकाल दिया गया तथा एंट्री अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। जानकारी के अनुसार धमकी भरा ईमेल मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मिला। जिसमें दोपहर 1:10 बजे ब्लास्ट होने की बात लिखी गई थी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की जांच शुरू की। करीब एक घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसी तरह का ई-मेल जयपुर के अलावा जैसलमेर, कोटा सहित प्रदेश के अन्य शहरों के पासपोर्ट कार्यालयों को भी भेजा गया है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इसे फर्जी ई-मेल मानकर जांच कर रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और ईमेल भेजने वाले के स्रोत का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है।

## मानसिक रूप से बीमार 24 वर्षीय युवती झूली फंदे पर

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिले की रतनगढ़ तहसील के गांव नोसरिया में 24 वर्षीय युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतक के पिता ने मंगलवार को पुलिस में रिपोर्ट दी है, जिस पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि रतनगढ़ तहसील के गांव नोसरिया निवासी 48 वर्षीय दानाराम ने रिपोर्ट दी कि उसके तीन संतान है, जिसमें एक बेटा व दो बेटियां है। उसकी 24 वर्षीय बेटी पूजा सोमवार की रात खाना खाकर कमरे में सो गई। मंगलवार की सुबह देखा तो पूजा फंदे पर लटकी हुई मिली, जिस पर उसे फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने रिपोर्ट में लिखा है कि उसकी पुत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी तथा बीकानेर की दवाई चल रही थी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 14-15 मार्च को

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 14 और 15 मार्च को जयपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक भांकरोटा के पास स्थित सामुराई पैलेस में होगी, जिसमें प्रदेशभर से 500 से अधिक पदाधिकारी और सदस्य भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष एनके गुप्ता और प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती, समाज हित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। महासम्मेलन के महामंत्री गोपाल गुप्ता ने बताया कि बैठक की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही हैए ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके।

# महिला सशक्तिकरण पर जोर

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडरों का हुआ सम्मान



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका तथा नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के संदेश को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड जी.एल. निर्वाण, जिला अग्रणी विकास प्रबंधक राहुल, सीडीपीओ सरोज नायक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. रमन जोधा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक भगवान सिंह राजपुरोहित, आरजीबी प्रबंधक अनामिका, राजीविका से राजेंद्र सिंह, प्रियंका चौधरी, मंजू बाला, राजबाला तथा विनीता सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। डीडीएम नाबार्ड जी.एल. निर्वाण ने महिलाओं को नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। ब्लॉक परियोजना प्रबंधक भगवान सिंह राजपुरोहित ने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राजीविका के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक गरीब परिवार को जोड़कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान राजीविका से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडरों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## माहेश्वरी महिला मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार



निसं

नोखा (नवयत्न)। माहेश्वरी महिला मंडल की एक बैठक कृष्ण मंदिर में हुई, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई। इस बैठक में आगामी 18 मार्च को गणगौर कार्यक्रम आयोजित करने का भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मनीषा राठी को कोषाध्यक्ष, अनुराधा राठी को प्रचार-प्रसार मंत्री, पिंकी सोनी को संगठन मंत्री और नीतू लाहोटी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। विजेता लाहोटी को सांस्कृतिक मंत्री की जिम्मेवारी सोपी गई। इसके अलावा, उर्मिला तापड़िया, सुषमा बजाज, सरोज राठी और राधामणी चितलंगी को संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी तोषनीवाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सचिव शांति मूंदड़ा ने बताया कि गणगौर कार्यक्रम 18 मार्च को दोपहर 2:30 बजे माहेश्वरी भवन में आयोजित होगा, जिसमें समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में भाग लेंगी। बैठक में उपाध्यक्ष सुनीता बाहेती ने पूर्व अध्यक्ष का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। उर्मिला तापड़िया ने महिला शक्ति पर अपना स्वरचित गीत प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला मंडल की पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक मंगलवार सुबह दस बजे शहीद करणी राम रामदेव पार्क में की गई। संस्थान के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक विभिन्न योजनाओं के फॉर्म तैयार किये गए तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पितराम सिंह गोदारा द्वारा शादी पार्टी में थाली में उतना ही भोजन लूंगा जितना मैं खा सकू की शपथ दिलाई गई। साथ में ही दिव्यांग होली स्नेह मिलन का प्रोग्राम किया गया जिसमें दिव्यांग भाई-बहन एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर होली की शुभकामनायें दी। बैठक में संस्थान अध्यक्ष पृथ्वीराज, कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, दाताराम, मुकेश कुमार, पिरु राम, सुभाष खीचड़, वीरेंद्र कुमार, आरिफ, इदरीश, मुकेश कंवर, धर्मपाल, मदीना, रमेश कंवर, बबीता देवी, पूजा आदि उपस्थित रहें।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला चिकित्सकों, कर्मचारियों और छात्राओं के लिए रक्षित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जोरावर सिंह गेट स्थित संस्थान के सभागार में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मालिनी अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि मीता कोटेचा उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता संस्थान के कुलपति संजीव शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और धन्वंतरि वंदना से हुई। इस दौरान कलिका यूनिट की टीम ने छात्राओं और महिला कर्मचारियों को आत्मरक्षा के विभिन्न व्यावहारिक तरीके सिखाते हुए लाइव डेमो प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थान की महिला विभागाध्यक्षों और महिला संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा कलिका यूनिट के सदस्यों को स्मृति-चिह्न और किट प्रदान किए गए।

# परकोटे में सजेगा 86वां प्रेमभाया महोत्सव : चार दिन गूंजेगा भक्ति संगीत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** परकोटे क्षेत्र में आयोजित होने वाले 86वें श्री प्रेमभाया महोत्सव को लेकर इन दिनों श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंगलवार को चांदपोल बाजार स्थित जयलाल मुंशी का रास्ता दीपावली की तरह रोशनी से जगमगा उठा।

मार्ग के दोनों ओर भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं और घर.घर रोशनी की सजावट की गई है। पूरे बाजार को ध्वज-पताकाओं से सजाकर आकर्षक रूप दिया गया है। आयोजन समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि महोत्सव का आयोजन जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष दुर्गा चौधरी के अनुसार 11 मार्च को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री प्रेमभाया सरकार का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। महोत्सव के तहत 11,12 और 13 मार्च को रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत समारोह आयोजित होगा, जिसमें देश.प्रदेश के सुप्रसिद्ध भजन गायक और संगीतज्ञ अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 12, 13 और 14 मार्च को दिन में महिला मंडलों द्वारा भी भक्ति संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव में भजन गायक राकेश शर्मा अंजान, राजू बावरा, प्रकाश दास महाराज, अतुल राव, विजय भैया, कुमार गिर्राज, सावन नागदा, परवीन मिर्जा, हीना सेन, सन्नी चक्रधारी, अमित नामा, गोपाल सिंह राठौड़, गोपाल सेन, सुरेन्द्र मंडल और महेश परमार सहित कई कलाकार भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव का समापन 14 मार्च को शाम 7 बजे नगर संकीर्तन के साथ होगा। यह संकीर्तन सत्संग स्थल से शुरू होकर परकोटे के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अगले दिन सुबह 7 बजे पुन: सत्संग स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न होगा।

### चार दिवसीय परंपरा की विशेषता

महोत्सव की विशेषता यह है कि इस वर्ष यह चार दिवसीय स्वरूप में आयोजित होगा। भक्त शिरोमणि युगलजी महाराज ने वर्ष 1940 से युगल कुटीर में प्रत्येक शनिवार को श्री प्रेमभाया सरकार को समर्पित नियमित सत्संग की शुरुआत की थी, जो आज भी निरंतर जारी है। जब शीतलाष्टमी बुधवार को पड़ती है, तब शनिवार के सत्संग को भी महोत्सव में शामिल कर इसे चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के रूप में मनाया जाता है।



## 101 बटुकों का कराया उपनयन संस्कार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं रोड स्थित कागलिया वाले बालाजी मंदिर में गिरधारी दास महाराज के सानिध्य में 101 बटुकों का विधिवत यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में आचार्य पं. ईश्वर दास शर्मा, उपाचार्य पं. राकेश शर्मा तथा पं. मनोज शर्मा सहित 21 विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर संस्कार संपन्न करवाया। कार्यक्रम में विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विधायक शिखा मिल, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा और एन. आर. आई. लाल आर. साधवानी, लोकचंद हरीरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, काशीनाथ दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान समाजसेवी गोपाल शर्मा रहे।

## रांधा-पुआ के बाद आज शीतला अष्टमी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी सहित आसपास के क्षेत्रों में शीतला अष्टमी बुधवार को श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी के अवसर पर चाकसू स्थित शील की डूंगरी मंदिर, नायला और चंदलाई सहित कई स्थानों पर मेले लगेंगे। श्रद्धालु सुबह शीतला माता को शीतल व्यंजनों का भोग अर्पित कर परंपरा के अनुसार ठंडा भोजन ग्रहण करेंगे। इससे एक दिन पहले मंगलवार को रांधा पुआ के अवसर पर महिलाओं ने दिनभर पकवान बनाने की तैयारियां कीं। शीतला माता के भोग के लिए कांजी बड़ा, मोहनथाल, गुंजिया, पेठे, सकरपारे, पूड़ी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी और घाट सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए। रांधा पुआ के दिन भोग और पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर शहर के बाजारों में सुबह से ही रौनक रही। जगह-जगह फुटपाथों पर मटके, कलश और सराई की दुकानें सजी नजर आईं। परंपरा के अनुसार शीतला अष्टमी के दिन अधिकांश घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता और लोग ठंडा भोजन ही ग्रहण करते हैं। कई लोग ठंडे पानी से स्नान करते हैं और चाय-कॉफी भी नहीं पीते। महिलाएं तड़के गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिरों में भोग लगाकर पत्थवारी पूजन करेंगी। मान्यता है कि माता की पूजा और शीतल भोजन करने से शीतला जनित रोगों का प्रकोप कम होता है। चाकसू स्थित शील की डूंगरी में लगने वाले मेले में जयपुर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रशासन ने मेले को लेकर साफसफाई, बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था पूरी कर ली है। मेले में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है। वहीं नायला और चंदलाई में भी शीतला माता के मेले आयोजित होंगे।

## वृद्धावस्था पेंशन राशि बढ़ाने की मांग

**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग उठने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि बढ़ती महंगाई के दौर में वर्तमान पेंशन राशि से जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है, इसलिए सरकार को पेंशन राशि में बढ़ोतरी करनी चाहिए। किसान नेता सुभाष बुगालिया व गौरीशंकर सैनी ने बताया कि कई बुजुर्ग और जरूरतमंद लोग पूरी तरह इसी पेंशन पर निर्भर हैं। दवाई, राशन और अन्य जरूरी खर्चों के लिए मौजूदा पेंशन पर्याप्त नहीं है। ऐसे में पेंशन राशि बढ़ाकर लाभार्थियों को राहत दी जानी चाहिए। ग्रामीणों ने राज्य सरकार से मांग की है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर कम से कम इतनी राशि की जाए जिससे बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पेंशन में बढ़ोतरी करती है तो इससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

## विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी की इकाई कानोरिया कॉलेज सहित समस्त संस्थाओं में विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी.डी. शर्मा ने बताया कि कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी के चैयरमेन के.के. कानोरिया ने स्टाफ व विद्यार्थियों से रूबरू होकर व संवाद स्थापित कर विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर प्रेरित कर मार्गदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रमों में के. के. कानोरिया एवं सोसायटी उपाध्यक्ष उर्मिला कानोरिया ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रंशसा-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी के चैयरमेन श्री के. के. कानोरिया एवं सोसायटी उपाध्यक्ष उर्मिला कानोरिया ने कॉलेज परिसर में नवनिर्मित शैक्षिक विभाग का फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान के. के. कानोरिया ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनशासन तथा स्वयं, ईश्वर व मां पर विश्वास ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य एवं अभिरूचि पर ध्यान देना आवश्यक है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री के.के. कानोरिया, विशिष्ट अतिथि सोसायटी उपाध्यक्ष उर्मिला कानोरिया, संस्था सचिव टी. ढ़ांचोलिया, संस्था सहसचिव विकास कुमार बुधिया, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी.डी. शर्मा, कानोरिया बी.एड. कॉलेज प्राचार्या डॉ. मनोज, कानोरिया गर्ल्स बी.एड. कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुमित्रा, कानोरिया उच्च माध्यमिक विद्यालय हिन्दी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार सैन, कानोरिया सी. से. स्कूल अंग्रेजी प्राधानाचार्या पिंकी बरसरा एवं सभी संस्थाओं के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा भावभीना स्वागत व अभिदनंदन किया गया। कानोरिया व कानोरिया ने एन.सी.सी. परेड का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी, एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस स्वयंसेवक एवं रोवर्स रेंजर्स भी उपस्थित रहे। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त कानोरिया एवं कानोरिया ने मुकुन्दगढ कस्बे में कानोरिया परिवार द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओ कानोरिया गर्ल्स बी.एड. कालेज, कानोरिया बी.एड. कालेज, कानोरिया प्राईमरी स्कूल, एवं कानोरिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण कर अवलोकन किया जहां पर अतिथियों के स्वागत में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी शर्मा ने किया।

## सम्पादकीय

# टी-ट्वेंटी में बादशाहत

एक बार फिर भारत ने क्रिकेट के सबसे छोटे स्वरूप टी-20 में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। हालांकि, भारत के हर क्षेत्र में शानदार खेल ने दर्शकों को फाइनल मुकाबले के रोमांच से वंचित किया, लेकिन भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में बेजोड़ श्रेष्ठता प्रदर्शित की। भारतीय टीम निर्भीकता से खेली। मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को अनियमित फॉर्म के बावजूद महत्वपूर्ण फाइनल के लिये टीम में बरकरार रखना सही साबित हुआ। संजू सैमसन ने तीन सबसे महत्वपूर्ण मैचों में निर्णायक पारी खेली। वहीं चतुर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी गेंदबाजी का जादू बिखेरा। हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ईशान किशन, शिवम दुबे ने महत्वपूर्ण अवसरों पर योगदान दिया। यह अच्छी बात है कि सुपर आठ के एक मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार को भारतीय टीम ने एक सबक के तौर पर लिया। जिससे टीम को जीत की लय में वापस आने में सहायता मिली। यह सुखद ही है कि दो साल से भी कम समय में भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के दो खिताब हासिल किए। निस्संदेह, इस उल्लेखनीय उपलब्धि में इंडियन प्रीमियर लीग में टी-20 मैचों का लगातार अभ्यास जीत की लय बनाये रखने में मददगार साबित हुआ। क्रिकेट के दीवाने इस देश में प्रीमियर लीग ने क्रिकेट प्रतिभाओं को अपने खेल में निखार लाने का एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया। यह शानदार जीत, भारत द्वारा वनडे चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के ठीक एक साल बाद मिली है। लेकिन एक अंतर्विरोध यह भी है कि सफेद गेंद के क्रिकेट और व्यावसायिक खेल के इस मिश्रण ने टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की कमजोरी को उजागर किया है। जिसका उदाहरण घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार है, जो हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। यह एक हकीकत है कि जब तक भारत टैस्ट मैचों में अपनी स्थिति मजबूत नहीं करता, तब तक भारत का वैश्विक क्रिकेट में पूरी तरह वर्चस्व हासिल करना संभव न होगा।

कमोबेश, महिला टीम के मामले में भी यही बात लागू होती है, जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीता। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में इस टीम की पकड़ भी ढीली हुई है। वास्तव में दोनों टीमों को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में संतुलित कामयाबी के साथ ही आगे बढ़ना होगा। इस हकीकत को जानते हुए कि खेल जगत के परिप्रेक्ष्य में क्रिकेट का दबदबा हमेशा बना रहना है, अब चाहे टीमें अच्छा खेलें या कमजोर। भारत में उपलब्ध क्रिकेट के समृद्ध संसाधनों और लगातार सामने आती नई प्रतिभाओं के चलते आईसीसी की तमाम प्रतियोगिताओं में भारतीय दबदबा आने वाले वर्षों में भी बना रह सकता है। इस टी-20 विश्वकप में भारतीय जीत को इसी नजरिये से देखने की जरूरत है। लेकिन जरूरत इस बात की होगी कि व्हाइट बॉल के साथ भारतीय टीम रेड बॉल क्रिकेट में अपना वर्चस्व बनाये रखे। टीम वनडे और टी-20 के साथ टेस्ट क्रिकेट में भी तमाम परिस्थितियों के बावजूद जीत का जज्बा बनाये रखे। इस टूर्नामेंट में संजू सैमसन द्वारा दिखाया गया खेल भारतीय टीम के लिये निर्णायक साबित हो सकता है। जिन्होंने तीन महत्वपूर्ण मैचों में अस्सी से अधिक रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभायी है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के बावजूद जब उन्हें परिस्थितिवश खेलने का मौका मिला तो उन्होंने अवसर का भरपूर लाभ उठाकर खुद को साबित किया। वे सिर्फ पांच मैच खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सबसे शानदार खिलाड़ी का खिताब हासिल करने में कामयाब हुए। इसी तरह टूर्नामेंट में किफायती रन रेट के साथ निर्णायक विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह की उपलब्धियां भी कम नहीं रहीं।

## विशेष आलेख

# लोकतंत्र का उपहास उड़ाती रेवड़ी संस्कृति, अब लगाम जरूरी



अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा चुनावी राजनीति के दृष्टिगत मुफ्त सुविधाएं बांटने वाली प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना की। ऐसी राजनीति को देश के आर्थिक विकास में बाधक बताते हुए कोर्ट ने कहा कि समर्थ लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना गलत है और ऐसी सुविधाएं बांटने की बजाय सरकारों को रोजगार पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विद्युत संशोधन नियम 2024 के उस नियम 23 को रद करने की मांग की गई थी, जो राज्य सरकार द्वारा गरीब-अमीर, सभी को मुफ्त बिजली आवंटन के उसके प्रस्ताव में बाधा बन रहा था। सुनवाई के दौरान करदाताओं के पैसे का मुफ्त सुविधाओं और कैश ट्रांसफर के लिए अंधाधुंध उपयोग करने पर भी कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की। उसने इस पर हैरानी जताई कि वित्तीय घाटे के बावजूद राज्य सरकारें मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही हैं और इन योजनाओं के लाभार्थियों में संपन्न लोग भी शामिल हैं।

चुनाव पूर्व इस वित्त वर्ष के लिए पेश तमिलनाडु के बजट में लगभग 99,000 करोड़ की राशि कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और मुफ्त योजनाओं के लिए आवंटित की गई है। यह राशि समूचे बजट की एक तिहाई बनती है, जबकि विकास कार्यों में खर्च होने वाली राशि इस व्यय की आधी यानी करीब 47,000 करोड़ है। बजट राशि का ऐसा बेपरवाह आवंटन एक राजनीतिक प्रवृत्ति बन गया है और इसके दुष्परिणाम अनेक राज्यों में देखे जा सकते हैं। यह विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से रेवड़ी संस्कृति पर चिंता जताए जाने के बीच ही अभिनेता से नेता बने विजय ने घोषणा की कि उनके दल टीवीके की सरकार बनने पर 60 साल की उम्र तक की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता, हर परिवार को साल में छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, दिए जाएंगे। उन्होंने अन्य लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए युवतियों की शादी के समय आठ ग्राम सोना और एक रेशमी साड़ी देने का भी वादा किया। ऐसी योजनाओं ने कई राज्यों के राजकोष पर भारी दबाव बनाया है। पंजाब की स्थिति विशेषकर खराब है। यहां कुल राजस्व प्राप्ति का 18 प्रतिशत बिजली की सब्सिडी में ही व्यय हो रहा है। राज्य के बजट का 10 प्रतिशत से भी कम आवंटन विकास परियोजनाओं की मद में हो रहा है। बिजली सब्सिडी के अलावा अन्य लाभार्थी योजनाओं के चलते पंजाब का वित्तीय प्रबंधन इतना खराब हो चला है कि ऋण से राज्य सकल घरेलू उत्पाद यानि डेट टू एसजीडीपी रेशियो 45 से 46 प्रतिशत के करीब आ पहुंचा है। जबकि राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन यानी एफआरबीएम समिति इसे 20 प्रतिशत पर रखने का सुझाव देती है। इसके बाद भी पंजाब सरकार ने महिलाओं को हर माह 1,000 रुपये देने की घोषणा की है। वर्ष 2025-26 के अंत तक कर्नाटक पर कुल देनदारियां 7.64 लाख करोड़ तक पहुंच गई थीं, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 27 प्रतिशत है। कर्नाटक का डेट टू एसजीडीपी रेशियो अभी ठीक है, पर यह 10 वर्ष पूर्व की स्थिति से काफी खराब है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रवृत्ति को रेवड़ी संस्कृति बताते हुए इसकी आलोचना की थी, पर दुखद यह है कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी वित्त प्रबंधन बुरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। मध्य प्रदेश के 2026-27 के 4.38 लाख करोड़ रुपये के बजट में लगभग 80,000 करोड़ रुपये राशि का आवंटन कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया गया है। यह राशि लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, किसान कल्याण, तीर्थ यात्रा, साइकिल एवं दुग्ध वितरण और बिजली सब्सिडी जैसे प्रयोजनों पर खर्च की गई है।

रेवड़ी संस्कृति के चलते पंजाब, बंगाल, आंध्र और राजस्थान ऐसे राज्य बन गए हैं, जहां ढांचागत विकास कार्यों पर पूंजीगत व्यय कुल बजट के 10 प्रतिशत से भी कम हो गया है। इस परिपाटी का दुखद पहलू यह है कि सामाजिक कल्याण और मुफ्तखोरी में भेद खत्म हो गया है। पार्टियां स्कूटी, टीवी, मिक्सर ग्राइंडर और सोना तक बांटने की घोषणा करती हैं। मुफ्तखोरी पर खर्च प्रत्येक रुपया शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ढांचागत विकास जैसे आवश्यक निवेश की कीमत पर हो रहा है, जिनसे गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन का दीर्घकालिक समाधान संभव है। ऐसा नहीं है कि पार्टियां यह सब समझती नहीं। उन्हें पता है कि उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि के बिना मुफ्तखोरी पर भारी खर्च मुद्रा का अवमूल्यन भी करेगा, फिर भी राजनीतिक हित राष्ट्र हित पर भारी पड़ रहे हैं।

रेवड़ी आवंटन विकास कार्यों में तो बाधा बन ही रहा है, यह ऐसी राजनीतिक संस्कृति को भी जन्म दे रहा है, जहां नागरिकों का ध्यान सरकारों के शासकीय दायित्व से हटकर व्यक्तिगत लोभ और लालच पर अटका दिया गया है। जन अपेक्षा सरकारों की कार्यकुशलता और पारदर्शिता की बजाय इस ओर मुड़ रही है कि अगले चुनाव में कौन पार्टी कितनी लुभावनी योजनाएं घोषित करेगी। चुनावों में छिपकर नोट, शराब और साड़ी वितरण जैसे प्रयत्नों से परे रेवड़ी संस्कृति ने राजनीतिक भ्रष्टाचार को ऐसा संस्थागत रूप दे दिया है, जहां मतदाता को एलानिया घूस दी जा रही है।

मूल संसाधन एकत्रित करने से लेकर शिक्षा और विवाह जैसे गृहस्थ दायित्वों का भार अपने ऊपर ले रही सरकारें शासन को ऐसी धारा में ले जा रही हैं, जहां व्यक्तिगत पुरुषार्थ का महत्व क्षीण हो रहा है। इसका सीधा असर उत्पादकता पर भी पड़ रहा है। दक्षिण के कई राज्यों में हो रहे प्रवासन का बड़ा कारण ऐसी कल्याणकारी योजनाओं के चलते स्थानीय श्रम शक्ति की बढ़ती अनुपलब्धता है। कुछ शोध यह दर्शा रहे हैं कि ऐसी योजनाएं अवैध बांग्लादेशी आप्रवासन को भी बढ़ावा दे रही हैं। नीति निर्धारण, विधायिका के हाथ में होने के कारण न्यायालय भी टिप्पणी के अतिरिक्त ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। वहीं नेताओं में मुफ्त सुविधाएं देने की होड़ लगी हुई है। रेवड़ी संस्कृति का विरोध करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने भी अब इस रुझान से समझौता कर लिया है। ऐसे में प्रबुद्ध जनों को ही राजनीति के इस बिगड़ते स्वरूप पर लोगों को जागरूक करना होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

### वृष
आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ होगा।

### मिथुन
जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। दूसरों के कार्य में दखल न दें। प्रमाद से बचें।

### कर्क
बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी। प्रमाद न करें।

### सिंह
धन का नुकसान या कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी।

### कन्या
मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी।

### तुला
दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक
प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। जरूरी वस्तु गुम हो सकती है।

### धनु
अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें, नुकसान संभव है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### मकर
विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दु:ख होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी का ध्यान खुद की तरफ खींच पाएंगे।

### कुंभ
समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। समय अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें।

### मीन
राजकीय अवरोध दूर होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# किचन में मौजूद यह चीजें करती हैं स्लो पॉइजन का काम, तुरंत बना लें दूरी

घर में पके भोजन को अक्सर लोग हेल्दी मानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं घर पर बना खाना भी अनहेल्दी हो सकता है। जी हां, घर का खाना भी बाहर के खाने जितना ही अनहेल्दी हो सकता है।



### मैदा
भटूरे से लेकर केक तक, मैदा किचन में मिलने वाली एक ऐसी सामग्री है, जिसका इस्तेमाल पार्टी मेन्यू में सबसे ज्यादा सबसे ज्यादा किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं यह सामग्री आपके लिए पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, अपच, सूजन और यहां तक कि सीलिएक रोग का कारण भी बन सकता है। ध्यान रखें, जरूरत से ज्यादा मैदा खाने से व्यक्ति को कई तरह के रोग घरे सकते हैं।

### ऑयल
जरूरत से ज्यादा तेल का इस्तेमाल दिल का दौरा, स्ट्रोक, स्तन/डिम्बग्रंथि के कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्वस्थ वजन और जोड़ों के दर्द सहित अन्य कई रोगों के जोखिम को बढ़ाने का काम करता है।

### नमक
सब्ज़ी से लेकर स्नैक्स तक बिना नमक के फीके हैं। किचन में मौजूद यह एक इंग्रेडिएंट अगर अधिक मात्रा में खाया जाए तो यह आपकी सेहत के लिए धीमा जहर भी बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नमक में सोडियम मौजूद होता है, जिसका अधिक सेवन ब्लड प्रेशर के स्तर को प्रभावित करके हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यक्ति को रोजाना 5 मिलीग्राम सोडियम से कम का सेवन करना चाहिए।

### व्हाइट ब्रेड
व्हाइट ब्रेड का अधिक सेवन करने से लोगों को कोलेस्ट्रॉल और इनडाइजेशन की समस्या हो सकती है। व्हाइट ब्रेड ब्रेड मैदे की बनी होती है जिसमें फाइबर, विटामिन और मिनरल की कमी होती है। इसके नियमित सेवन से वेट गेन और पेट संबंधी विकार हो सकते हैं।

### चीनी
चीनी का अधिक प्रयोग शरीर में स्लो पॉइजन का काम करता है। चीनी को बनाते समय काफी हद तक रिफाइंड कर दिया जाता है जिसकी वजह से इसमें मौजूद सभी जरूरी पोषक नष्ट हो जाते हैं। इसमें मौजूद कैलोरी की अधिकता ब्लड शुगर को बढ़ा सकती है। इसके अलावा इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट की अधिकता मोटापे का कारण भी बन सकती है।

# हल्दी और बेकिंग सोडा से चेहरे के काले धब्बे इन तरीको से हटाएं और पाएं निखरी त्वचा




हल्दी और बेकिंग सोडा, साफ और दमकती त्वचा पाने के लिए प्रयोग किया जाने वाले सबसे आम सामग्रियों में से एक हैं। दोनों की ही प्रयोग त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने के लिए एक प्रभावी नुस्खे के रूप में किया जाता है। यह त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में बहुत लाभकारी हैं। खासकर त्वचा का कालापन, पिगमेंटेशन, चेहरे के निशान और दाग-धब्बे साफ करने में। इसके अलावा डेड स्किन साफ करने में भी दोनों ही बहुत लाभकारी हैं। बेकिंग सोडा त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है और मुलायम बनाता है। वहीं हल्दी की बात करें तो यह झुर्रियों, हाइपरपिग्मेंटेशन, दाग-धब्बों, दाग-धब्बों और मुहांसों से छुटकारा दिलाने में बहुत प्रभावी है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग दोनों का ही प्रयोग करते तो हैं, लेकिन अलग-अलग। जबकि आप दोनों का साथ में भी प्रयोग कर सकते हैं। खासकर वे लोग, जिनकी त्वचा पर काले-धब्बे और निशान है, साथ ही त्वचा के कालेपन से परेशान हैं। क्योंकि यह कॉम्बिनेशन त्वचा की रंगत में सुधार करने में बहुत प्रभावी है। अब सवाल यह उठता है कि चेहरे के दाग धब्बे साफ करने के लिए आप चेहरे पर हल्दी और बेकिंग सोडा का प्रयोग कैसे कर सकते हैं?

**फेस पैक बनाकर लगाएं :** इसके लिए आपको एक कटोरी में आधा चम्मच हल्दी, 2 चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच बेकिंग सोडा डालना है। इसे अच्छी तरह मिलाएं। अगर मिश्रण बहुत पतला या गढ़ा हो गया है तो आप अपनी जरूरत के अनुसार सामग्रियों को घटा बढ़ा सकते हैं। इसे चेहरे पर सामान्य फेस पैक की तरह अप्लाई करें। 15-20 मिनट छोड़ दें, फिर सादे पानी से धो लें।

### स्क्रब के रूप में प्रयोग करें
आप 1 चम्मच बेकिंग सोडा, आधा चम्मच हल्दी, आधा चम्मच ओटमील पीसकर एक कटोरी में लें, फिर इसमें जरूरत के अनुसार नींबू या गुलाब जल मिलाएं। फिर इसका प्रयोग त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए एक सामान्य स्क्रब की तरह करें। 4-5 मिनट मसाज करें, फिर चेहरा धो लें और मॉइश्चराइजर लगा लें।

### हल्दी और बेकिंग सोडा से चेहरा साफ करें
आप 2-3 चम्मच दूध या गुलाब जल में हल्दी और बेकिंग सोडा मिलाकर, इसका प्रयोग क्लींजर के रूप में कर सकते हैं। एक कॉटन बॉल लें, फिर इससे चेहरे की सफाई करें। इससे डेड स्किन और त्वचा में जमा गंदगी साफ होगी।

# वजन कम करने के लिए रोज पिएं आप केसर का पानी



अनेकों औषधीय गुणों से युक्त केसर स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। केसर में मौजूद औषधीय गुणों के कारण दुनियाभर में इसकी बहुत ज्यादा मांग भी है। केसर में मौजूद गुण शारीरिक कमजोरी, स्किन से जुड़ी परेशानियां, बालों की समस्याओं में बहुत फायदेमंद होते हैं। केसर में फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ए, आयरन, प्रोटीन, पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। केसर का इस्तेमाल तमाम तरह की डिशेज को तैयार करने में भी किया जाता है। केसर में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिसका सेवन शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में भी बहुत फायदेमंद होता है।

**वजन कम करने के लिए केसर का पानी :** केसर के पानी में मौजूद गुण और पोषण शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। केसर का इस्तेमाल आयुर्वेद में कई बीमारियों और समस्याओं के इलाज में भी किया जाता है। केसर में मौजूद गुण जैसे क्रोकिन, क्रोसोटिन, सफ्रानल आदि शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर की पर्याप्त मात्रा शरीर का वजन कम करने में बहुत उपयोगी मानी जाती है। एक स्टडी के मुताबिक केसर का सेवन वजन कम करने में बहुत फायदेमंद होता है। यह स्टडी लगभग 8 हफ्तों तक चली थी जिसमें महिलाओं को केसर खिलाया गया था। इस स्टडी में ऐसी महिलाओं को भी शामिल किया गया जो बिना केसर का सेवन करने वाली थीं। 8 दिनों बाद सामने आए रिजल्ट में उन महिलाओं का वजन कम हुआ जिन्होनें केसर को डाइट में शामिल किया था। हालांकि सिर्फ 8 दिनों में आपको बहुत ज्यादा फायदा नहीं मिलेगा, लेकिन अगर आप केसर के पानी का सेवन नियमित रूप से करते हैं, तो इससे आपकी भूख कम होती है और वजन कम करने में बहुत फायदा मिलता है। केसर का सेवन वजन कम करने के अलावा स्किन, हार्ट, आंख आदि से जुड़ी समस्याओं में भी बहुत फायदेमंद होता है। केसर का पानी पीने से आपकी स्किन का रंग साफ होता है और स्किन से जुड़ी समस्याओं में भी बहुत फायदा मिलता है। पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन को कम करने के लिए भी केसर के पानी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**कैसे बनाएं केसर का पानी :** केसर का पानी घर पर बहुत आसानी से बनाया जा सकता है। इसके लिए आप सबसे पहले केसर की 5-6 कलियां पानी में भिगो दें। इसे रात भर भिगोने के बाद इस पानी में एक इलायची और दो से तीन बादाम डालकर उबाल लें। उबल जाने के बाद ठंडा होने पर पानी छान लें और इसमें एक चम्मच शहद डालकर पिएं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से आपको भूख कम लगेगी और वजन कम करने में बहुत फायदा मिलेगा।

## तड़ीपार बदमाश फिर जयपुर में घुसा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस आयुक्तालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सुभाष चौक पुलिस ने तड़ीपार आदेश का उल्लंघन करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुभाष चौक पुलिस ने तड़ीपार आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी अक्षय वाल्मीकि 26 निवासी सुभाष चौक को गिरफ्तार किया है। उसे राजस्थान गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत 26 फरवरी 2026 को एक माह के लिए जयपुर जिले की सीमाओं से निष्कासित तड़ीपार किया गया था। आदेश के अनुसार उसे दौसा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहकर समय.समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। आरोपी ने 27 फरवरी को कोतवाली थाना दौसा में उपस्थित दर्ज करवाई, लेकिन बाद में बिना अनुमति जयपुर शहर की सीमा में प्रवेश कर गया। तड़ीपार आदेश का उल्लंघन करने पर सुभाष चौक थाना पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम नीरज पाठक तथा सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक पीयूष कविया के सुपरविजन में थाना अधिकारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सतीश चंद और पुलिसकर्मियों की टीम ने की। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें ब्रह्मपुरी, सुभाष चौक और ट्रांसपोर्ट नगर थानों में आरपीजीओ एक्ट, बीएनएस की धाराओं और आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज होकर चालान पेश किए जा चुके हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## एक माह से बंद पड़ी एक्स-रे की सुविधा फिर से हुई शुरू

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के राजकीय उप जिला अस्पताल में करीब एक माह से बंद पड़ी एक्स-रे की सुविधा अब फिर से नियमित रूप से फिर शुरू हो गई है। उपजिला अस्पताल तारानगर के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने बताया कि उप जिला अस्पताल तारानगर में सरकार की ओर से रोगियों के लिए निःशुल्क एक्स.रे की व्यवस्था थी लेकिन करीब एक माह पूर्व एक्स-रे मशीन में तकनीकी खराबी होने के कारण अस्पताल में मरीजों को एक्स-रे की सुविधा नहीं मिल पा रही थी जिस कारण मरीजों को अस्पताल से बाहर निजी लैब में जाकर महंगे दामों में एक-रे करवाना पड़ रहा था। चिकित्सा विभाग की ओर से एक्सरे मशीन की तकनीकी खामियों को दूर कर मशीन को सही कर दिया गया जिसके चलते अब अस्पताल में रोगियों को नियमित रूप से एक्स.रे की सुविधा मिल पाएगी। अस्पताल में निशुल्क एक्स-रे की सुविधा मिलने के कारण रोगियों को अब अस्पताल से बाहर निजी लैब में जाकर एक्स-रे नहीं करवाना पड़ेगा और उनकी जेब पर अतिरिक्त भार नही पड़ेगा।

## मानसरोवर विराट सिंधु मेला 16 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति सेक्टर-12 अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में मानसरोवर विराट सिंधु मेला-2026 का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में यह मेला अग्रवाल फार्म स्थित एसएफएस सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। श्री झूलेलाल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार लख्यानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे शीश महल झूलेलाल मंदिर से भव्य ज्योत यात्रा निकाली जाएगी। जो मध्यम मार्ग से होते हुए एसएफएस सामुदायिक केंद्र पहुंचेगी। यहां श्री अमरापुर स्थान के संत सांई मोनू राम महाराज एवं संत मंडली के सान्निध्य में ज्योत प्रज्वलन और ध्वजारोहण होगा। मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में इंडियन आइडल फेम मोहित शेवानी का लाइव कॉन्सर्ट पहली बार जयपुर में आयोजित होगा। वे अपनी टीम के साथ जर्नी ऑफ सिंधीज की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जो सिंध, सिंधी और सिंधियत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7:15 बजे से शुरू होंगे। मेले में सिंधु संस्कृति को दर्शाती झांकियां, भगवान झूलेलाल चित्र रंग भरो प्रतियोगिता तथा सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2025 के बाद जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर मार्च माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तिहावली, 18 मार्च को नेछवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूल्याणी, 25 मार्च 2026 को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तपीपल्या में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।चैत्र** नवरात्रा मेला, प्रथम जीणमाता मेला 2026 की समस्त व्यवस्थाओं के लिए 11 मार्च 2026 को सायं 4 बजे जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में हर्ष जीण वाटिका धर्मशाला जीणमाता में बैठक आयोजित की जाएगी।

# विधानसभा में गूंजा महिला अधिवक्ता से अश्लील हरकत-मारपीट का मामला

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** होली के दिन एक महिला अधिवक्ता के साथ सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत और उनके परिजनों के साथ मारपीट के मामले को लेकर विधायक गोपाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से गंभीरता से मुद्दा उठाया। सिविल लाइंस विधायक शर्मा ने सदन में कहा कि होली जैसे सामाजिक सद्भाव और उल्लास के पर्व पर दिनदहाड़े सार्वजनिक स्थान पर महिला अधिवक्ता के साथ अश्लील हरकत और मारपीट की घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में आरोपी सिविल लाइंस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष है, जो आदतन अपराधी बताया जा रहा है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पीड़ित पक्ष पर समझौते के लिए पैसे की पेशकश करने और आगे देख लेने की धमकी देने के भी आरोप सामने आए हैं। मामला उठने पर विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आपत्ति जताई और सदन में कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता आरोपी का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायकों की पिछली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों का भी स्मरण कराते हुए कहा कि सदन में मर्यादा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। हंगामे के बीच सभापति ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वहीं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून के अनुसार दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विधायक शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले ऐसे अपराधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और ठोस कार्रवाई होना आवश्यक है। उन्होंने सवाल उठाया कि सार्वजनिक स्थल पर दिनदहाड़े ऐसा कुकृत्य करने का साहस केवल इसलिए आ सकता है क्योंकि आरोपी कांग्रेस से का नेता है?

# एसएस मोदी विद्या विहार की पूर्व छात्रा चौधरी ने पूर्ण की एमबीबीएस की डिग्री

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एस.एस. मोदी विद्या विहार के लिए यह अत्यंत गौरवशाली समाचार है कि विद्यालय की पूर्व छात्रा, आकांक्षा चौधरी ने जयपुर के प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अपनी एमबीबीएस एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है और अब वे आधिकारिक रूप से एक डॉक्टर बन गई हैं। डॉ. आकांक्षा का इस संस्थान से गहरा नाता रहा हैय उन्होंने वर्ष 2007 में एक नन्हीं छात्रा के रूप में यहाँ प्रवेश लिया था। विद्यालय के योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्नेहपूर्ण वातावरण में शिक्षा ग्रहण करते हुए, उन्होंने वर्ष 2019 में अपनी कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की। इसके पश्चात, अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्होंने नीट नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर राजस्थान के शीर्ष मेडिकल कॉलेज में स्थान बनाया था। आज उनकी इस महान उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य और समस्त स्टाफने हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय को गर्व है कि उनकी एक छात्रा अब समाज की सेवा करने और रोगियों का उपचार करने के इस पुनीत कार्य के लिए तैयार है। पूरा विद्यालय परिवार डॉ. आकांक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और प्रार्थना करता है कि वे चिकित्सा जगत में नित नई ऊंचाइयों को छुएं। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।




## पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान समारोह आज



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ौदरा के तत्वावधान में बुधवार को पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय पीसीबी स्कूल में होगा। जिसमें दी यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को सामाजिक और सांस्कृतिक सेवा कार्यों के लिए पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। गांव बड़ाबर के मूल निवासी और देश के अग्रणी कथक नृत्याचार्य पंडित सुंदरलाल गंगानी और उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला गंगानी की स्मृति में आयोजित इस सम्मान स्वरूप मानपत्र, शॉल और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य रणवीरसिंह महरिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कत्थक गुरु प्रोफेसर डॉ जगदीश गंगानी, वडोदरा करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में यंग्स क्लब के सचिव महावीर मिरनका और वरिष्ठ नागरिक तनसुख राय रामपुरिया होंगे। समारोह का संयोजन साहित्यकार व मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा करेंगे। कार्यक्रम में गणमान्यजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और संस्कृति अनुरागी उपस्थित रहेंगे।

## विज्ञान संकाय स्वीकृत करने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री के ओएसडी सुगनचंद मंडार को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजकीय अजोध्या बाई करवा उच्च माध्यमिक विद्यालय में काफी समय से विज्ञान संकाय स्वीकृत करने की मांग चली आ रही है। अतः जल्द से जल्द इस विद्यालय में विज्ञान संकाय स्वीकृत किया जावे।

# छठे राज्य वित्त आयोग के तहत चांदगोठी में बने रिचार्ज स्ट्रक्चर से मिली पानी भराव से राहत



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कल्याणकारी नीतियों से ग्रामीण विकास सुदृढ़ हो रहा है। सरकार की पहल पर गांवों में जल संरक्षण और भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए जिले में रिचार्ज स्ट्रक्चर भूजल स्तर को सुधार रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भराव की समस्या से भी राहत प्रदान कर रहे हैं। जिले के राजगढ़ उपखंड की चांदगोठी में वर्ष 2024-25 में छठे राज्य वित्त आयोग के तहत बनाए गए रिचार्ज स्ट्रक्चर इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। इन संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण हो रहा है और पानी जमीन में समाहित होकर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक बन रहा है। ग्रामीणों बताते हैं कि पहले गांव में बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी भराव की समस्या बनी रहती थी, जिससे लोगों को आवागमन और दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब रिचार्ज स्ट्रक्चर बनने के बाद वर्षा का पानी व्यवस्थित रूप से जमीन में समाहित हो रहा है, जिससे जलभराव की समस्या में काफी कमी आई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन संरचनाओं के बनने से न केवल जलभराव से राहत मिली है, बल्कि भविष्य में जल संकट की समस्या से भी काफी हद तक बचाव होगा। साथ ही भूजल स्तर में सुधार होने से क्षेत्र में पेयजल और कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता भी बेहतर होने की उम्मीद है।

# जेजेटी यूनिवर्सिटी में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आज

निलेश मुद्‌गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं नारी शक्तिए प्रगति दिशा, कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा 11 मार्च बुधवार को विश्वविद्यालय की महिला स्टाफ एवं बालिकाओं के प्रयासों से व्यंजनों के स्टाल एवं स्वयं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी यह कार्यक्रम आम व्यक्ति के लिए ओपन रहेगा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नाजिया हुसैन, डॉ. अंजना शर्मा, एवं डॉ. अनंता सैंडिल्या ने संयुक्त जानकारी में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वयं द्वारा बनाए गए व्यंजन उत्पादों को बढ़ावा देना एवं महिलाओं के स्वयं के आय स्रोत को बढ़ावा देना है इस कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाएं एवं बालिकाएं भाग लेगी कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा हस्तशिल्प वस्तुएं, घरेलू खाद्य पदार्थ, हाथ से बनी राखी ज्वेलरी, क्राफ्ट आइटम, कढ़ाई सिलाई से बने कपड़े तथा स्वादिष्ट खाने-पीने की स्टालें लगाई जाएगी।

कार्यक्रम जेजेटी की प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता के सानिध्य में होगा यह संपूर्ण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की महिला विकास प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, कला संस्थान के तत्वावधान में किया जाएगा। रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई समितियों का गठन भी किया गया है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

## 53 साल पुराने मामले में 30 वर्ष से फरार दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** बनीपार्क थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 53 साल पुराने एक आपराधिक प्रकरण में पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के रहने वाले हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लंबे समय से अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जिले में लंबे समय से लंबित स्थाई वारंटों के निस्तारण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह के निर्देशन में बनीपार्क थानाधिकारी मनोज बेरवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और कड़ी मेहनत के बाद फरार चल रहे आरोपितों को ट्रैक करते हुए छोटेलाल 72 और रामगोपाल 72 को गिरफ्तार किया गया है और दोनों ही आरोपित नया गांव जिला भिण्ड मध्य प्रदेश के रहने वाले है। बनीपार्क थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि वारदात 25 अगस्त 1973 की है। बनीपार्क स्थित जयपुर स्पिनिंग मिल के लेबर यूनियन संघ सीटू के कार्यकर्ता मजदूर यूनियन चुनाव में विजयी उम्मीदवारों का स्वागत कर रहे थे। उसी दौरान विपक्षी मजदूर यूनियन के 35 नामजद और अन्य व्यक्ति लाठियां व बरसे लेकर आए और पथराव कर मजदूरों के साथ जमकर मारपीट की। इस संबंध में यूनियन के महासचिव महावीर सिंह हाडा ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तब जांच के बाद 30 व्यक्तियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा बार-बार सम्मन और वारंट जारी होने के बावजूद ये दोनों आरोपी पिछले 30 सालों से पेश नहीं हुए थे। जिस पर इन्हें स्थाई वारंटी घोषित कर दिया गया था। अब 53 साल बाद पुलिस ने इन्हें सलाखों के पीछे पहुँचाने में सफलता पाई है।

## गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से प्रारंभ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सीकर कमाण्डेन्ट राजेश यादव ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर, झुन्झुन, चूरू के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक परेड ग्राउण्ड, पुलिस लाईन, सीकर पर आयोजित की जायेगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जायेगी। जिसमें केन्द्र, के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि एवं जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। 14 दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में जिला सीकर की 67, झुन्झुनूं की 15 एवं चूरू की 52 रिक्तियों (कुल रिक्तियां 134) के विरुद्ध जिला सीकर से 21024, झुन्झुनूं से 13370 एवं चूरू से 7003 प्राप्त आवेदनों के कुल 44497 अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जायेगी तत्पश्चात अभ्यर्थी दिये गये लिंक अथवा विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया लगभग 3 सप्ताह तक चलने की सम्भावना है। जिसके लिए अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों से सम्बन्धित प्रवेश पत्र में वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों की पूर्ण पालना की जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी को निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जिले का मूलनिवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ संलग्न महत्वपूर्ण अन्य सभी दिशा-निर्देशों की पालना करनी आवश्यक होगी। नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को ग्राउण्ड से बाहर जाकर कोई भी दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01572-240060 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

## चूरू पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।चूरू** में मंगलवार को 12 बजकर 40 मिनट पर पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से एकबारगी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आईएआई के नाम से भेजे गए मेल में लिखा- दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर साईनाईट गैस से भरे बम ब्लास्ट होंगे। सूचना के बाद शहर कोतवाल सुखराम चोटिया पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड में आ गई। एहतियात बरतते हुए कार्यालयों और बिल्डिंग को खाली करवा दिया गया। चूरू में पासपोर्ट कार्यालय को धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और बिल्डिंग की गहनता से जांच की गई। जब जांच में कुछ नहीं मिला तो सभी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। वहीं धमकी मिलने के बाद पासपोर्ट कार्यालय के बाहर ताला लगाकर पूरी बिल्डिंग को खाली करवा दिया गया। जब तक जांच पूरी नहीं हुई तब तक कर्मचारी बिल्डिंग के बाहर खड़े रहे। पुलिस सतर्कता बरतते हुए जांच में जुटी हुई है। बता दें राजस्थान में पोस्ट ऑफिस कार्यालयों में ही पासपोर्ट ऑफिस संचालित किए जा रहे हैं। और राजस्थान के सभी पासपोर्ट कार्यालयों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 57वां शिविर 12 मार्च बृहस्पतिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्माए भोजन, एवम् रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।



# भारत के ये रहस्यमयी किले, जहां राजा ने ही दे दी थी अपनी रानी को मौत

किले भारत की शान हैं। इसके साथ ही ये अपने भीतर कई रहस्य संजोए हुए है। भारत में राजाओं के कई किले हैं और हर राज्य के किले का अपना महत्व और इतिहास है। कई किलों को तो विश्व विरासत की सूची में शामिल किया गया है। प्राचीन काल में इनका निर्माण दुश्मनों की सेनाओं से बचने के लिए पहाड़ों और अद्भुत वास्तुकला के साथ कराया जाता था। किला है मध्य प्रदेश के रायसने जिले में, जिसे रायसेन फोर्ट के नाम से जाना जाता है। यूं तो यहां कई राज दफन हैं और इसे लेकर कई प्रथाएं प्रचलित हैं। लेकिन एक ऐसी कहानी है जो खौफ और आश्चर्य से भरपूर है। कहते हैं कि यहां के राजा ने अपनी ही रानी का सिर काट दिया था। इसके पीछे भी एक लंबी कहानी है।

## दो धर्मों की समानता को दर्शाता किला

यह किला 1200 ईसवी में बना था। किला शहरी की पहाड़ी पर स्थित है। दो धर्मों की समानता को दर्शाने वाले इस किले के भीतर एक मंदिर और एक मस्जिद है। भोपाल शहर में स्थित 800 साल पुराने किले में 9 प्रवेश द्वार और 13 टॉवर हैं। इसके अलावा यहां कई गुंबद और मध्यकाल की कई इमारतों के अवशेष भी मौजूद हैं। हालांकि, अब यह महल सैकड़ों चमगादड़ों का घर है।

## किले का इतिहास है गौरवशाली

इस किले का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां कई राजाओं ने शासन किया था। इनमें से एक थे शेरशाह सूरी। बताया जाता है कि शेरशाह सूरी ने इस किले को जीतने के लिए अपना सब कुछ दाव पर लगा दिया। उन्होंने किले पर राज करने के लिए तोप बनाने के लिए तांबे के सिक्कों को पिघलाया था। अपनी इस मेहनत की बदौलत ही वह किले को जीतने में कामयाब हो पाए।

## धोखे का सहारा लिया

यह भी कहा जाता है कि 1543 ईस्वी में शेरशाह सूरी ने इस किले को जीतने के लिए धोखे का सहारा लिया। बताते हैं कि उस समय इस किले पर राजा पूरणमल का शासन था। जब उसे पता चला कि उसके साथ छल या धोखा किया गया है, तो उसने अपने दुश्मनों से अपनी पत्नी को बचाने के लिए उसका ही गला काट दिया।

## यहां सोने में बदल दिया जाता है लोहे का पत्थर भी

इस किले के बारे में एक और दिलचस्प तथ्य है, जिसके बारे में शायद कोई नहीं जानता। कहते हैं कि राजा राजसेन के पास एक पारस पत्थर है, जो लोहे को भी सोने में बदल सकता है। यह एक रहस्यमय पत्थर है, जिसके लिए काफी लड़ाइयां भी हुईं। जब राजा राजसेन हार गए, तो उन्होंने इसे झील में फेंक दिया। हालांकि अन्य राजाओं से इस पत्थर को तलाशने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह पत्थर कभी नहीं मिला।





### जिन करता है पारस पत्थर की रक्षा

स्थानीय लोगों के अनुसार, आज भी लोग इस पत्थर को ढूंढने आते हैं। बताया जाता है कि एक जिन इस बेशकीमती और रहस्यमयी पत्थर की रक्षा करता है। हालांकि पुरातत्व विभाग को इस बारे में कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। लेकिन कही सुनी कहानी को जानकर लोग आज भी पारस पत्थर को खोजने यहां पहुंच जाते हैं और उनके हाथों निराशा ही लगती है।

# सफर में बच्चों को डायरिया और मोशन सिकनेस से बचाने के लिए ध्यान रखें ये बातें



सफर पर जाना एक मजेदार अनुभव होता है। जब अपने परिवार के साथ खासकर अपने बच्चों के साथ सफर करने की बात आती है तो यह अनुमान लगाना आसान होता है कि कुछ लोगों को चिंता क्यों सताने लगती है। आपको बच्चों के साथ सफर करने के दौरान उन सारी अनिश्चित परेशानियों को ध्यान में रखना होगा जोकि उभरकर सामने आ सकती हैं। नई जगह का खाना-पीना और आबोहवा में ढलने के लिए थोड़ा वक्त चाहिए होता है। इसके साथ ही, सफर के दौरान बच्चों को कुछ परेशानियों के होने का खतरा रहता है जैसे डायरिया और मोशन सिकनेस।

प्लानिंग और स्मार्ट पैकिंग, सफर के दौरान आपके परिवार को हर तरह से तैयार रहने में मदद कर सकती है। यहां कुछ ऐसी जरूरी चीजों की लिस्ट दी गई है, जिन्हें ध्यान में रखना जरूरी है।

**जरूरी सामनों का बॉक्स सामने किसी बैग में रखें :** बच्चों या बूढ़े माता-पिता के साथ सफर करने के दौरान पेरेंट्स के पास एक ऐसा बैग होना चाहिए, जिससे आसानी से जरूरी चीजें जैसे, दवाएं, पावर बैंक, सेफ्टी पिन्स, इत्यादि निकाली जा सकें।

**मेडिकल किट :** चाहे घर पर हों या सफर कर रहे हों, फर्स्ट एड किट या किट, सबसे ज्यादा जरूरी लेकिन कई मामलों में सबसे नजरअंदाज की जाने वाली चीज होती है। आमतौर पर, लोगों को तब तक इसका महत्व पता नहीं चलता, जब तक कि मेडिकल इमरजेंसी नहीं हो जाती। इसलिए, कुछ पेन किलर्स के साथ-साथ फर्स्ट एड की जरूरी चीजें जैस बैंडेड, एंटीसेप्टिक डिस्इंफेक्टेंट लिक्विड, एंटीबैक्टीरियल क्रीम, छोटी कैंची, इत्यादि रखना अच्छा होता है। यदि जरूरत हो या आपके डॉक्टर ने आपको सलाह दी हो तो इन्हेलर्स, एलर्जी मेडिसिन और इंसुलिन, रखना ना भूलें।

**जर्म से सुरक्षा के लिए वाइप्स :** चाहे रोड से सफर कर रहे हों, या हवाई यात्रा, आपका सामना कई ऐसी सतहों से होगा,जिसे किसी और ने भी छुआ होगा। साथ ही, कई बार ऐसा भी हो सकता है कि उस जगह पर पानी ना मिले। ऐसे में जर्म से सुरक्षा के लिए वाइप बहुत काम की चीज होती है। इसे साथ में रखना आसान होता है और इसका पैकेट दोबारा सील कर सकते हैं। सैवलॉन जर्म प्रोटेक्शन वाइप्स का ट्रैवल पैक, आपके मोबाइल फोन, वॉलेट, कुर्सी के आर्म और कई अन्य सतहों से जर्मप्त को हटाने का बिलकुल सही तरीका साबित हो सकता है। इसकी सबसे अच्छी बात आपको पता है क्या हो सकती है? ये वाइप्स सही मायने में मल्टी-परपज हैं: हाथों, बॉडी और सतहों (ग्लास, मार्बल, लकड़ी, प्लास्टिक और स्टेनलेस स्टील) पर इस्तेमाल करने के लिए सुरक्षित हैं यहां तक कि गैजेट्स पर भी। सैवलॉन वाइप्स में स्किन-फ्रेंडली पीएच है। ये स्किन पर मुलायम और सौम्य होते हैं।

**आरामदायक कार सीट्स या कुशन :** यह बच्चों पर निर्भर करता है (और उम्र), कुछ पेरेंट्स उड़ान के दौरान, अपने बच्चों के साथ कार सीट पर ज्यादा सहज महसूस करते हैं। दरअसल, कार सीट उन्हें अपनेपन का एहसास कराता है और सोने के लिए भी आरामदायक होता है।

# बिजली गिरने के बाद टूट कर फिर से जुड़ जाता है यह शिवलिंग, 12 साल में एक बार दिखता है ये नजारा

हिमाचल प्रदेश के सबसे पवित्र स्थानों में से एक बिजली महादेव मंदिर है। जिसे भारत के सबसे प्राचीन मंदिरों में गिना जाता रहा है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित ये मंदिर पार्वती और ब्यास नदियों के संगम के करीब है, जो भगवान शिव को समर्पित है। 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर का इतिहास काफी रोचक है।

**इंटरेस्टिंग है मंदिर की कहानी :** ऐसा माना जाता है कि मंदिर का निर्माण कुलंत नामक राक्षस को मारने के बाद हुआ था। कहते हैं कि दानव कुलंत ब्यास नदी के प्रवाह को रोककर घाटी को जलमग्न करना चाहता था। अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उन्होंने एक अजगर का रूप धारण किया। वह जमीन पर मौजूद हर जीवन रूप को पानी के नीचे डुबो कर मारना चाहता था। ऐसे में भगवान शिव को उनके उपक्रम के बारे में पता चल गया जिसके बाद वे राक्षस का अंत करने के लिए आए। भगवान शिव ने राक्षस को पीछे मुड़कर देखने के लिए कहा और फिर जैसे ही उसने मुड़कर देखा तो उसकी पूंछ में आग लग गई। कहा जाता है कि जिस पर्वत पर बिजली महादेव मंदिर स्थित है, वह मृत दानव के शरीर से बना था।

**कैसे पड़ा बिजली महादेव मंदिर नाम :** बिजली महादेव को लेकर स्थानीय लोगों का ऐसा माना जाता है कि कुलंत को हराने के बाद वह भगवान इंद्र के पास गए और उनसे कहा कि वे हर बारह साल में पहाड़ पर बिजली के झटके मारें। लोगों की मानें तो महादेव नहीं चाहते थे कि उनके भक्तों को बिजली से नुकसान हो, इसलिए हर बारह साल में मंदिर पर गिरने वाली बिजली सीधे शिव लिंग पर गिरती है। भगवान शिव स्वयं पर प्रहार करते हैं और इस तरह मंदिर का नाम बिजली महादेव पड़ गया।

**टूट कर जुड़ जाता है शिवलिंग :** हर बार जब बिजली महादेव शिवलिंग पर बिजली गिरती है, तो वह शिवलिंग टूट कर चकनाचूर हो जाता है। माना जाता है कि मंदिर के पुजारी हर टुकड़े को इकट्ठा करते हैं और फिर नमक मक्खन और सत्तू के साथ शिवलिंग को वापस एक साथ रखते हैं।

# झीलों के शहर उदयपुर जाएं तो इन दुकानों पर चखें स्थानीय भोजन का स्वाद

झीलों के शहर उदयपुर में जाना हर एक ट्रैवेलर का सपना है। यहां की सुंदर शांत झील पिछोला के आसपास हवा में एक अचूक आकर्षण और रोमांस है। शहर की लगभग सभी पगडंडियां यहां से जाती हैं और झील के चारों ओर बसे शहर के लक्ज़री होटल यहां आने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। पिछोला लेक में नाव की सवारी करते हुए सूर्यास्त होते देखना बेहद मनमोहक है। उदयपुर के महल के होटल राजस्थान में सबसे शानदार हैं। इसके शानदार बैंक्वेटिंग हॉल और झील के दृश्यों के साथ ताज फतेह प्रकाश पैलेस है। इसके अलावा ताज लेक पैलेस है, जो पिछोला झील के केंद्र में स्थित है भारत के सबसे रोमांटिक होटलों में से एक है। 1740 के दशक में निर्मित, यह उदयपुर रॉयल्स का पूर्ववर्ती ग्रीष्मकालीन महल था। होटलों के अलावा यहां का स्थानीय भोजन भी अद्भुत है।

**कचौरी :** यहां के गरमा-गरम कचौड़ियों का लुत्फ उठा सकते हैं। पालीवाल सुबह स्थानीय लोगों और पर्यटकों की एक कतार के साथ जीवंत हो उठता है। इसके अलावा इनकी स्वादिष्ट जलेबियों के लिए भी यहां लंबी कतार लगती है। पालीवाल रेस्तरां, जगदीश मंदिर रोड, पुराना शहर पर है।

**मिठाईयां :** अगर आप मीठा खाने के शौकीन हैं, तो उदयपुर के पास बहुत कुछ है। कई मिठाई की दुकानें हैं जहां बेहतरीन घेवर मिलते हैं। कुछ दुकानें ऐसी हैं जो शानदार मूंग दाल हलवा परोसते हैं। स्थानीय लोग के पसंदीदा मिठाई में यहां संगम बर्फी मिलती है, जो पिस्ता की परत के साथ एक स्वादिष्ट तीन परत वाली मिठाई है। इसके साथ नारंगी स्वाद वाली मीठी बूंदी को भी जरूर चखना चाहिए। जेएमबी स्वीट्स (जगदीश मिष्ठान भंडार), सूरजपोल पर स्थित है।

**फालूदा :** शक्तिनगर में फालूदा मिलता है और यहां के स्थानीय लोग उन्हें नीले तेलावाला के नाम से जानते हैं। उन्हें करमचंदजी फालूदे वाला के नाम से भी जाना जाता है। इस क्षेत्र में कई स्टॉल लोकप्रिय हैं। अन्य लोकप्रिय फालूदा अड्डा अशोक नगर में सिंधी फालूदा जॉइंट है जो एक शानदार केसर पिस्ता फलूदा परोसता है।



**लस्सी :** शास्त्री स्वीट्स में फुली लोडेड लस्सी मिलती है, जिसे भोजन के बाद जरूर लेना चाहिए। यह लस्सी उन सभी मसालेदार कचौरी और चाट के लिए एकदम सही है जिन्हें आप पचा सकते हैं। इसके अलावा बारा बाजार रोड पर वासुदेव दूध भंडार से आप रबड़ी खा सकते हैं। यह सभी चीजें आपको शास्त्री सर्किल पर मिल जाएंगी।

**समोसे :** उदयपुर में सबसे अच्छे समोसे के लिए पूछेंगे को आपको चुंडावत की समोसे की ओर इशारा किया जाएगा। अपने समोसे के लिए सबसे प्रसिद्ध, जो आमतौर पर दोपहर तक खत्म हो जाते हैं, चुंडावत का अनोखा मसाला मिश्रण उनके समोसे को सभी से अलग करता है। इसे आप नाश्ते में ले सकते हैं।

**दाल बाटी चूरमा :** अगर आप एक ही बार में कई व्यंजनों का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो, छप्पन बोग में आप उदयपुर की लोकप्रिय दाल बाटी को चूरमा को आजमा सकते हैं। तो फतेहपुरा में छप्पन भोग एक बेहतरीन विकल्प है। आपको वहां खाली पेट जाना होगा और अपना कैलोरी काउंटर घर पर छोड़ना होगा, तभी आप दिल खोलकर दाल बाटी का आनंद ले सकेंगे। यह दुकान बिग बाजार रोड, फतेहपुरा पर स्थित है।

# विश्व में ही नहीं भारत के भी हैं यह अजूबे

**हमारा देश भारत अपनी विविधता के लिए जाना जाता है। यहां कई राज्य हैं और हर राज्य की अलग-अलग संस्कृति और परंपरा है। हर राज्य में कई पर्यटन स्थल भी हैं, जो देखने लायक हैं। इनमें से कई की तुलना दुनिया के मशहूर पर्यटन स्थलों से की जाती है। ज्यादातर पर्यटन स्थल आश्चर्य से भरपूर हैं, जिन्हें देखने के लिए भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर से लोग आते हैं।**

### स्वर्ण मंदिर, अमृतसर

अमृतसर में बने स्वर्ण मंदिर को श्री हरमंदिर साहिब या गोल्डन टेंपल के नाम से भी जाना जाता है। सिख समुदाय के लोगों के लिए यह एक पवित्र पूजा स्थल है। स्वर्ण मंदिर का निर्माण सन् 1585 से 1604 तक चला। इसे पानी के कुंड के आसपास बनाया गया है। यह भारत के मशहूर गुरुद्वारों में से एक है। इसे पांचवे सिख गुरु गुरु अर्जन द्वारा डिजाइन किया गया था।

### हंपी मंदिर, हंपी

हंपी को मंदिरों का शहर कहा जाता है। कहने को यह कर्नाटक के विजयनगर में छोटा सा गांव है। लेकिन दुनियाभर में इस जगह ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है। एक तरह से यह जगह प्राचीन हिंदू मंदिरों का एक अनोखा संग्रह हैं। इस शहर की खुदाई करने पर कई भव्य महल, मंदिर और कई बुनियादी ढांचे मिले थे। इसी वजह से 1986 में इस प्राचीन शहर को यूनेस्को विश्व विरासत स्थल घोषित कर दिया था। इस शहर की अनोखी और असाधारण खूबसूरती दुनियाभर के पर्यटकों को आश्चर्य में डाल देती है।

### सूर्य मंदिर, कोणार्क

कोणार्क का सूर्य मंदिर दुनियाभर में अपनी नक्काशी और अद्भुत वास्तुकला के लिए चर्चित है। इसे ब्लैक पैगोडा के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर भगवान सूर्य देव को समर्पित है। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर से श्रद्धालु सूर्यदेव के दर्शन के लिए कोर्णाक के सूर्य मंदिर में आते हैं। चंद्रभागा नदी के किनारे गंगा वंश के शासक राजा नरसिम्हा देव प्रथम द्वारा इसका निर्माण 1255 सीई में कराया गया था। कलिंग शैली में अपनी वास्तुकला के लिए यह मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। इस मंदिर में सूर्यदेव रथ पर सवार हैं।

### ताजमहल

ताजमहल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के 7 अजूबों में से एक है। आगरा में स्थित इस प्यार की निशानी को 1653 में मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज की याद में बनवाया था। बताते हैं कि 20 हजार कारीगरों ने मिलकर इसे बनाया था। ताजमहल का आर्किटेक्चर फारसी और मुगल वास्तुकला से प्रेरित है। इसकी खूबसूरती के कारण यह भारतीय और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी मशहूर है।



### खजुराहो मंदिर

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो जैन और हिंदू मंदिरों का एक बहुत बड़ा परिसर है। इन सभी स्मारकों का निर्माण 9वीं शताब्दी में चंदेल वंश के राजाओं ने किया था। यह जगह नागर वास्तुकला और कामुक मूर्तियों के के लिए प्रसिद्ध है। 12वीं शताब्दी तक इस जगह पर केवल 85 मंदिर थे, लेकिन 13वीं शताब्दी में इनमें से कुछ को नष्ट कर दिया गया था, अब यहां केवल 20 मंदिर ही बचे हैं। यहां पर दीवारों पर की गई नक्काशी का इतिहास भी बड़ा दिलचस्प है।

### मोनोलिथिक गोमतेश्वर स्टैच्यू, श्रवणबेलगोला

श्रवणबेलगोला विश्व की सबसे बड़ी अखंड प्रतिमा के लिए मशहूर है। यहां पर गोमतेश्वर की लगभग 60 फीट की विशाल मूर्ति है। यह मंदिर पहाड़ी की चोटी पर 3347 फीट की ऊंचाई पर बना है। पर्यटकों को पहाड़ी की चोटी तक पहुंचने के लिए करीब 600 सीढ़ियां पार करनी होती हैं। बताते हैं कि इस जगह पर भगवान बाहुबली ने एक साल तक मोक्ष प्राप्त किया था। इस जगह की यात्रा करने का सबसे अच्छा समय 12 से 14 साल में महा मसक अभिषेक के दौरान होता है। इस आयोजन के दौरान प्रतिमा को गैलेन पानी, दूध और कई प्रकार के चंदन के लेप से नहलाया जाता है।

### नालंदा यूनिवर्सिटी , बिहार

बिहार से 95 किमी दूर नालंदा यूनिवर्सिटी दुनिया की पहली यूनिवर्सिटी के रूप में जानी जाती है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान पांचवीं सदी में गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम ने की थी। लेकिन 1193 में आक्रमण के बाद इसे नष्ट कर दिया गया था। एक समय था जब 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच दुनिया के कई देशों से छात्र यहां पढ़ने आते थे। लेकिन अब यह यूनिवर्सिटी एक खंडहर से ज्यादा कुछ नहीं है। बावजूद इसके दुनियाभर के लोग इसे देखने के लिए आते हैं।

## टैक्सी बाइक से गिरी युवती को ट्रक ने रौंदा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में नागालैंड की एक युवती की मौत हो गई। टैक्सी बाइक से गिरने के बाद पीछे से आ रहे गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। सड़क दुर्घटना थाना पूर्व के हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान नागालैंड निवासी लिगा जिमो 22 के रूप में हुई है। वह पिछले करीब दो साल से जयपुर के मालवीय नगर क्षेत्र में किराए पर रह रही थी और एक पार्लर में काम करती थी। जो सोमवार रात वह सिंधी कैंप से टैक्सी बाइक लेकर अपने घर मालवीय नगर लौट रही थी। इसी दौरान गोपालपुरा बाईपास पर पुलिया पर चढ़ते समय बाइक चालक ने अचानक नीचे की ओर मोड़ लिया। इससे संतुलन बिगड़ने पर युवती बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एचपी गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने उसे कुचल दियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर उत्तर की ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले एक साल से फरार चल रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करता था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अरुण शर्मा उर्फ आलू 32 निवासी कागदीवाड़ा ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 17 फरवरी 2025 को सुभाष कुमार नामक व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि आरोपित अरुण शर्मा ने उसे सचिवालय में एलडीसी के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का लालच दिया था। इसके बदले आरोपी ने उससे 3.20 लाख रुपये ऐंठ लिए और विश्वास जीतने के लिए उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया। जिसके बाद से ही आरोपी अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त आमेर सुरेन्द्र सिंह राणावत के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की सूचना पर आरोपी को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए ठगी करता था। वह कभी खुद को ड्रग इंस्पेक्टर तो कभी पुलिस अधिकारी बता कर लोगों पर रौब झाड़ता था। वह बड़े अधिकारियों से अपनी साठगांठ होने का दावा कर युवाओं को सरकारी नौकरी का झांसा देता था। साथ ही शातिर ठग अरुण शर्मा उर्फ आलू के खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के ब्रह्मपुरी, गलता गेट और नाहरगढ़ थानों में ठगी के कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य वारदातों और फर्जी दस्तावेजों के निर्माण के संबंध में जानकारी मिल सके।

## पुलिस पर पथराव मामले में 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा में पुलिस पर पथराव करने के मामले में 14 लोगों पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी संपत्ति को नुकसान करने का मामला दर्ज किया गया है। थानाधिकारी राममनोहर की ओर से दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में बताया कि सात मार्च को शाम करीब 8:15 बजे सूचना मिली की राजकीय अस्पताल के पास एक्सीडेंट हो गया। जिस पर गशती दल मौके पर पहुंचा तथा मृतक के शव को 112 वाहन में डालकर रख दिया। इस दौरान चार पांच लड़के आए तथा शव को अस्पताल ले जाने से मना करने लगे। इस दौरान सत्येंद्र कुमार ने गाड़ी की चाबी निकाल ली तथा काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान उन्होंने शव को गाड़ी से बाहर निकालकर प्रदर्शन करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने काफी समझाइश करने के बाद भी वह विरोध करते रहे। मामले को गंभीरता से लेते हुए खेतड़ीए बबाई, खेतड़ीनगर व मेहाड़ा थाने का जाब्ता मौके पर बुलाया गया। इस दौरान सत्येंद्र, सुमित, चिंटू, प्रहलाद, अंकित, मनोज, कुलदीप, अनुज, मोहन, साहिल जाट, साहिल स्वामी, राजकुमार, अशोक व अन्य लोगों ने गाड़ी को आग लगाने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने शव रखी गाड़ी को पलटने का प्रयास किया तथा पुलिस पर जान से मारने की नियत से पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिस पर पथराव होने से थानाधिकारी मेहाड़ा राममनोहर ठोलिया, खेतड़ी थानाधिकारी मोहनलाल, पंकज कुमार, अनिल कुमार, अमरचंद सहित अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया तथा मामले की गहनता से जांच की जा रही।

# विरोध प्रदर्शन कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का फूंका पुतला

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर झुंझुनू जिला कलेक्ट्रेट पर संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठनों अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, क्रांतिकारी किसान यूनियन व जय किसान आंदोलन तथा राष्ट्रीय मुस्लिम न्याय मंच की तरफ से अमेरिकी साम्राज्यवाद व विस्तारवादी इजरायल द्वारा एक संप्रभु देश ईरान के राष्ट्राध्यक्ष आयतुल्ला खमनोई व बड़े नेतृत्व को खत्म करके ईरान पर हमला कर उसकी संप्रभुता को खत्म करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध अपराधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति मादुरो का अपहरण कर उन्हें अमेरिका में ले जाकर कैद करने तथा अब ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व को खत्म कर ईरान की बेगुनाह जनता पर बमबारी करके ईरान की संप्रभुता को रोंदने का काम किया। हाल ही में स्कूल पर हमला कर 165 बच्चियों का कत्लेआम भी किया। संयुक्त किसान मोर्चा नेताओं ने मोदी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले भारत अमेरिका ट्रेड डील में अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने दंडवत होने व अब हमारे मित्र राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर संवेदना के दो शब्द नहीं कहके अमेरिकी राष्ट्रपति की चाटुकारिता में पुरानी विदेश नीति को खत्म करने की सारी हदें पार कर दी। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत सरकार से मांग की कि अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध को तत्काल बंद करवाने तथा विश्व शांति के लिए न्याय पसंद देशों को लेकर दबाव बनाए तथा सभी देशों की संप्रभुता को बचाने के लिए विकासशील देशों का भारत नेतृत्व करें।

एक स्वर में ईरानी राष्ट्राध्यक्ष आयतुल्ला खमनोई की तथा 165 बच्चियों की हत्या की कड़ी निन्दा करें। धरना प्रदर्शन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी के केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड फूलचंद ढेवा, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य सचिवालय सदस्य कामरेड फूलचंद बर्वर, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिला संयोजक कामरेड पोकर सिंह झाझड़िया, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महामंत्री कामरेड मदन सिंह यादव, भगत सिंह विचार मंच के संयोजक कामरेड बजरंग लाल एडवोकेट, राष्ट्रीय मुस्लिम न्याय मंच के इमरान बड़गुर्जर, किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, करणी राम मंझाऊ, राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड मनफूल सिंह, किसान सभा के कामरेड बिजेंद्र सिंह कुलहरि, कामरेड राम सिंह धनखड़, कामरेड शीशराम इस्लामपुर, कामरेड सुरेश महला, कामरेड नरेंद्र सिंह पायल, कामरेड रामजीलाल चाहर, मनीराम देवरोड़, सहीराम जाखड़, सहदेव कसवां, महावीर महरिया, लीलाधर डिग्रवाल, देवकीनंदन बसेरा, श्याम सिंह कालेर आदि ने संबोधित किया।

## धूमधाम से मनाया भाजपा नेता जांगिड़ का जन्मदिन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने जांगिड़ के जन्मदिवस पर कस्बे की गोपाल गौशाला व बालाजी गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया, इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जांगिड़ के जन्मदिन के अवसर पर उपजिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर व झुग्गी झोंपड़ियों में मिठाई बांटकर जांगिड़ के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जांगिड़ के जन्म दिन की बधाई दी। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता जांगिड़ के निवास पर जाकर उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अजीत राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, मो. तैयब, हरी इंदौरिया, माणकचंद सैनी, मो. फारूक, राकेश टाक, अंकुर मिश्रा, बाबूलाल पटीर, साबिर हुसैन, राजेंद्र जोईया, लालचंद जांगिड़, दिलावर, इंद्राज दायमा, सेठी पेंटर, जुल्फीकार हिसारिया, किशन राठौड़, राजू भामी, अमित मुंडवाल, विजय सोनी, देवकरण सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अनेक भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व लोगों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा नेता जांगिड़ को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।



### गौशाला में मनाया जन्मदिन

आदर्श गौशाला तारानगर वार्ड नंबर 02 में भाजपा नेता राकेश जांगिड का जन्मदिन मनाया गया। वार्डवासियों ने गायों को गुड खिलाते हुए जांगिड के दीर्घायु हेतु कामना की। इस दौरान किशन सिंह राठौड़, लालचंद जांगिड, जगदीश सैनी, पवन सैनी, विनोद जांगिड़, रूपाराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## फुले का स्मृति दिवस मनाया

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के सैनी छात्रावास में सैनी समाज संस्था की ओर से मंगलवार को देश की महान क्रांतिकारी, प्रथम महिला शिक्षिका, नारी उद्धारक, माता सावित्रीबाई फुले का 129वां स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मखन लाल सैनी ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की।

वक्ताओं ने सावित्रीबाई बाई फुले के जीवन परिचय व उनके द्वारा किये गए समाज सुधार व महिलाओं शिक्षा के लिए गए कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा फुले दम्पति के पद चिन्हों पर चलने के प्रेरित किया। इस दौरान सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बाबुलाल सैनी, एडवोकेट विकास सैनी, सांवरमल सैनी, सुल्तान सैनी आदि मौजूद रहे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD DIVISION NEEMKATHANA**

क्रमांक :- 5241-46 दिनांक:- 06-03-2026

**Notice Inviting Bid No. 35/2025-26**

Bids for 01 (One Nos) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM 12.03.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 0.27 Lac
NIB No. PWD2526A6011
UBN PWD2526WSOB25041

Executive Enginer
PWD Dn. Neemkathana

DIPR/C/5055/2026

## दो गाड़ियों की भिड़ंत, एक युवक गंभीर घायल



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के कोलिहान नगर के पास देर रात को दो गाड़ियों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में तीन युवक घायल हो गए। इस दौरान एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनू रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नवलगढ़ निवासी कृष्ण कुमार अपनी गाड़ी में सवार होकर खेतड़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। इस दौरान जब वह कोलिहान नगर के पास पंहुचा तो उसकी गाड़ी की दूसरी गाड़ी से भिडंत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा गाड़ियों में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान नवलगढ़ निवासी कृष्ण कुमार, आदित्य व यामपुरा निवासी अनिल कुमार घायल हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने खेतड़ी से 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट महेश लगरी व ईएमटी सज्जन बजाड़ मौके पर पहुंचे तथा घायलो को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान घायल कृष्ण कुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे झुंझुनूं रैफर कर दिया। हादसे के दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घटना की सूचना पर खेतड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इस दौरान हादसे में दोनों गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गाड़ी क्षतिग्रस्त होने से कुछ देर यातायात बाधित हो गया। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को हटवाकर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया गया।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाने में एक महिला ने नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में नोखा थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बीकानेर के बड़े अस्पताल में नौकरी का दिया झांसा

पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया-वह पिछले दो सालों से एक निजी अस्पताल में काम करती थी। इस दौरान दवाइयों के प्रचार-प्रसार का काम करने वाला एक युवक अक्सर अस्पताल में आता-जाता था। उसने पहचान बढ़ाई और उसे बीकानेर के किसी बड़े अस्पताल में अच्छी सैलरी पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसने पीड़िता के शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य कागजात भी ले लिए।

### होटल में इंटरव्यू के बहाने बुलाकर नशीला पेय पिलाया

पीड़िता ने बताया-17 नवंबर 2025 को आरोपी उसे अपने साथ बीकानेर ले गया। वहां एक होटल में इंटरव्यू होने का बहाना बनाकर उसे नशीला पेय पदार्थ पिला दिया। बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से अश्लील फोटो-वीडियो भी बना लिए। आरोपी ने इन फोटो-वीडियो को वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर उसे कई बार अपने साथ बीकानेर ले जाकर दुष्कर्म किया।

### जबरदस्ती कागज पर साइन कराने का आरोप

रिपोर्ट में बताया-12 जनवरी 2026 को आरोपी उसे फिर नशीला पदार्थ पिलाकर जयपुर ले गया। वहां उसने धमकी देकर कुछ कागजातों पर जबरन साइन भी करवा लिए और खुद को उसका पति बताने लगा। इसके बाद वह उसे अपने घर ले गया, जहां उसे एक बंद कमरे में रखकर मारपीट, गाली-गलौच करता और जबरन शारीरिक संबंध बनाता था।

### 7 मार्च को घर पहुंची युवती

पीड़िता ने बताया कि 7 मार्च 2026 को वह किसी तरह युवक के घर से निकलकर नोखा स्थित अपने पिता के घर पहुंची। उसने अपने पिता और भाई को पूरी घटना की जानकारी दीए जिसके बाद नोखा थाने में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर विधि सम्मत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर**
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2941 दिनांक :- 07/03/2026

**खुली निविदा सूचना**

कम्प्यूटर हेतु खुली निविदा (रु. 5,00,000/- अक्षर पाँच लाख रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GSOB00552 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 13.03.2026 दोपहर 11:00 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/22119 **अधिष्ठाता**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरा**
**पंचायत समिति झुंझुनू (राज.)**

**क्रमांक :- 24** **दिनांक:- 10-03-2026**

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाकरा में मेघवाल बस्ती में बने सामुदायिक भवन व दिनेश पोद्दार के घर के पास 2 हाई मास्क लाईट लगाने का कार्य SPPP पोर्टल पर दर्ज कराया है। जिसके NIB व UBN कोड निम्नानुसार है।
NIB कोड नं.- ZJU2526A0838
UBN कोड नं.- ZJU2526WSOB01411
अधिक जानकारी के लिए sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बाकरा
पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बाकरा
पंचायत समिति झुंझुनू

## सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारम्भ



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** आयुर्वेद विश्व भारती, गांधी विद्या मंदिर एवं संस्कृत भारती, चूरू जनपद के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन शुरू हुआ। इस शिविर के उद्घाटन सत्र में संस्कृत भारती जयपुर प्रांत संगठन मंत्री विमल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारत के सभी ज्ञान भंडारों का आधार है एवं हमारे ज्ञान की भी मूल भाषा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृत भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. अविनाश पारीक ने संस्कृत और आयुर्वेद के गहन संबंध की विशेष चर्चा करते हुए कहा की आयुर्वेद की वैज्ञानिक जानकारी एवं आयुर्वेद के मूलग्रंथों को सही तरीके से समझने के लिए संस्कृत का व्यावहारिक ज्ञान बहुत आवश्यक है। सारस्वत अतिथि डॉ. विश्वेश्वर शर्मा ने संस्कृत भारती के विभिन्न प्रकल्पों एवं आयामों की जानकारी प्रदान करते हुए कहां की उन्हीं आयामों के तहत संस्कृत संभाषण शिविर का यहाँ आयोजन हो रहा हैं। इस सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर में संस्कृत भाषा में संभाषण का अभ्यास करवाया जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप प्राचार्य प्रो. श्याम सुंदर शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का महाविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत करते हुए आयुर्वेद के शोध कार्यों में संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सह आचार्य डॉ. श्रीराम शर्मा ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं अतिथि परिचय संहिता सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य सन्दीप शर्मा ने किया । इस संभाषण शिविर में महाविद्यालय के 50 से अधिक आयुर्वेद के प्रशिक्षणार्थीगण उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर**

(दूरभाष संख्या 01572-294311, ई-मेल eephedskr@gmail.com)

कमांक: एफ1( )/2025-26/9081 दिनांक:- 04.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में पंजिकृत सी एंव उच्च श्रेणी के संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 23.03.2026 को सांय 5:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाईन निविदाएं इसी वेबसाइट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा 23.03.2026 को सायं 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाइट पर तकनीकी बिड दिनांक 24-03-2026 को इस कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल(DSC)हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत (रू. लाख) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा शुल्क (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91/25-26 | Annual Rate Contract for Work of Repair of Tubewells, Pumpsets, Pump House Machinary and various size of valves at village Palsana, Shishu, Ranoli, Manda, Madani and Jeenmata under Sub Dn Palsana juridication Division Sikar." | 42.71 | 85420 | 1000 | 12 माह | PHE2526 A7025 | PHE2526 WSRC15171 |

**( रामकुमार चाहिल )**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग खण्ड सीकर

DIPR/C/4887/2026

## चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 19 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साधना के प्रतीक चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 19 मार्च से होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाले इस नौ दिवसीय पर्व में श्रद्धालु मां भगवती की साधना और उपासना में लीन रहेंगे। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ होगी। नवरात्र के प्रथम दिन मां भगवती का आगमन पालकी पर होगा तथा प्रस्थान भी पालकी पर ही होगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की वृद्धि का संकेत मिल रहे हैं। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को सूर्योदय सुबह 6:06 बजे होगा। अमावस्या तिथि सुबह 6:40 बजे तक रहेगी, जबकि प्रतिपदा तिथि का प्रभाव पूरे दिन रहेगा। इस कारण 19 मार्च को ही नवरात्र व्रत का शुभारंभ और कलश स्थापना का विधान है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि में चित्रा नक्षत्र तथा वैधृति योग के अभाव के कारण दोपहर 12:30 बजे तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं नवरात्र के दौरान हवन-पूजन और व्रत की पूर्णाहुति 27 मार्च को दोपहर 12:27 बजे तक की जा सकेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महा अष्टमी का व्रत 26 मार्च को रखा जाएगा, जिसका पारण 27 मार्च को होगा। महानवमी का व्रत 27 मार्च को रहेगा तथा पारण 28 मार्च को प्रातः 10:34 बजे तक किया जा सकेगा। इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## होमगार्ड नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, झुंझुनूं के वर्ष 2022 के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन (भर्ती) प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कार्यालय समादेष्टा की ओर से जारी सूचना के अनुसार, झुंझुनूं केंद्र के 15 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 13370 अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में भाग लेंगे। यह पूरी नामांकन प्रक्रिया आगामी 20 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक परेड ग्राउंड, पुलिस लाइन सीकर में आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जाएगी, जिसमें केंद्र, गण के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि और जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे। विभाग द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचना भेजी जा रही है। अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की यह नामांकन प्रक्रिया लगभग 03 सप्ताह तक चलने की संभावना है, जिसमें विभिन्न जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित समय और स्थान पर अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इनमें मुख्य रूप से मूल निवास, आयु प्रमाणपत्र, शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह प्रमाणपत्र और पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नामांकन स्थल पर एक बार प्रवेश करने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज लाने के लिए वापस ग्राउंड से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01592-232366 पर संपर्क कर सकते हैं।

## चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन 13 मार्च को मनाया जाएगा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिन आगामी 13 मार्च को श्री कल्याण आरोग्य सदन अतिथि भवन सांवली में मनाया जाएगा। इस मौके पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के द्वारा चयनित दिव्यांगों को मौके पर ट्राईसाईकिल, कृत्रिम पैर हाथ, कैलिपर्स, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टीक का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

## गौड़ ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च को गौड़ ब्राह्मण समाजोपयोगी भवन, भगवान परशुराम परिसर, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में किया जाएगा। इन सम्मेलनों में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी प्रविष्टियां प्राप्त होती रही हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र-पुत्री के लिए सुयोग्य वर-वधु की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस सम्मेलन का विशेष लाभ मिलेगा। सम्मेलन में विदेशों में निवासरत परिवारों सहित सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी, एडवोकेट, डॉक्टर, इंजीनियर, नौकरीपेशा एवं व्यवसायी वर्ग के युवक-युवतियों के बायोडाटा उपलब्ध होंगे।

## समस्या समाधान शिविर 13 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन 13 मार्च को सुबह 11 बजे बलिदानी योद्धा जयपाल चलका, सेना मेडल स्मारक, खींवासर में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि आसपास के गांवों के सभी पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं तथा उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में पेंशन, स्पर्श पीपीओ, रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आते समय अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

## 12 मार्च को लगेगा विशेष शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दूर दराज क्षेत्र के पेंशनर्स को अपनी परिवेदनाओं शिकायतों के समाधान के लिए संभाग स्तर पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क करना पड़ता है। पेंशनर्स की मुख्य परिवेदना जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के भुगतान से सम्बंधित होती है। पेंशन विभाग द्वारा कोष कार्यालय स्तर पर पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निवारण के लिए 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपकोष पेंशन झुंझुनू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन प्रेरणा कालेर को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिलास्तरीय कृषि मेले में सैंकड़ों किसान हुए शामिल

## प्रगतिशील किसानों का सम्मान

निसं




**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान की ओर से चिड़ावा शहर की स्टेशन रोड पर खेलकूद परिसर में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के सैंकड़ों कृषक व कृषक महिलाओं ने भाग लिया। मेले में मुख्य वक्ता सुण्डाराम ने कहा कि कम जल की उपलब्धता के बाद भी नवीन तकनीक से फलदार पौधे लगाये जा सकते है। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन पर रोक लगानी होगा। उद्योगपति रघुहरि डालमिया ने सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का 5 से 10 प्रतिशत हिस्सा समाज उत्थान के कार्यों पर व्यय करना चाहिए। स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के पूर्व निदेशक डॉ हनुमान प्रसाद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के सलाहकार निरंजन सिंह व सीए मनीष अग्रवाल सहित किसान व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रारंभ में संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की आईटी ऑफिसर मोनिका स्वामी ने किया। मेले में महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता में नरहड़ की टीम प्रथम, खुडिया की द्वितीय, हमीरवास की तृतीय, महिलाओं की म्यूजिकल चैयर में मुन्नी देवी प्रथम, रोशनी देवी द्वितीय, कविता तृतीय, पुरूषों की सैक रेस में रूपल प्रथम, विजय द्वितीय, संदीप तृतीय तथा मटका दौड़ में ताराचंद प्रथम, सुरेश द्वितीय व बलवंत तृतीय स्थान पर रहे। किसान मेले में प्रगतिशील किसान के रूप में महरमपुर के धुड़ाराम, जखोड़ा के राजेश कुमार, मालुपुरा के जयकरण, जलयोद्धा के रूप में लाम्बा गांव के सीताराम जांगिड़ पर्यावरण मित्र के रूप में इक्तावरपुरा के भरत सिंह व ग्राम विकास समिति जोडिया को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्टॉल प्रतियोगिता में श्रीधर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग, स्थानीय कृषि महाविद्यालय प्रथम, एग्रो एग्रीकल्चर संभल, उप्र द्वितीय तथा पूनिया एग्रोटेक तृतीय स्थान पर रहे। मेले में आयोजित फसल व फल प्रतियोगिता के 21 सफल प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार शुरू

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का शुभारंभ मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, आबुसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त निदेशक कृषि सीकर हरीश, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लाम्बा, केवीके आबुसर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दयानंद, उपनिदेशक कृषि सीकर डॉ जे.आर. जूडी, सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक डॉ सहदेव, उपनिदेशक कृषि आत्मा डॉ संध्या ढाका, उद्यान विभाग की सहायक निदेशक डॉ सुमन कस्वा, उद्यान विभाग सीकर के सहायक निदेशक रामरतन स्वामी तथा केवीके के उद्यान विशेषज्ञ डॉ राशिद खान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ विजयपाल कस्वा ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया तथा सेमिनार की पृष्ठभूमि, महत्व और विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय यह सेमिनार 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाकर और हाईटेक हॉर्टीकल्चर तकनीकों का उपयोग कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। केवीके आबुसर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दयानंद ने कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में आईएचआईटीसी दुर्गापुरा, जयपुर के मुख्य प्रशिक्षक सत्यनारायण चौधरी ने उच्च उद्यानिकी तकनीकों की आवश्यकता, महत्व और प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत उपलब्ध अनुदान योजनाओं के बारे में बताते हुए किसानों से समय रहते इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को फार्म प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से जुड़कर आगे बढ़ने तथा संरक्षित खेती को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किसान अपनी क्षमता के अनुसार पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, लो-टनल, सौर ऊर्जा संयंत्र, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, प्याज भंडारण संरचना, प्लास्टिक मल्च, मिनी स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों पर अनुदान का लाभ लेकर नवाचारी खेती की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। सेमिनार में झुंझुनूं जिले के लगभग 60 तथा चूरू, बीकानेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन और सीकर जिलों के 40 किसानों सहित कुल 100 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों को ग्रीनहाउस प्रबंधन पर प्रकाशित पुस्तक का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि अधिकारी सुनील कुमार खालिया और रवि रेपस्वाल ने किया।

## पांच खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय ताइक्कांडो टीम में चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पांच खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय ताइक्कांडो टीम में चयन होने पर महाविद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि रेखा प्रजापत पुत्री प्रभु लाल प्रजापत, निवासी निवारू-जयपुर बी.ए.सेमेस्टर तृतीय, सानिया पुत्री राजेश प्रसाद, निवासी चमोली-उत्तराखंड बी.ए.सेमेस्टर तृतीय, भाविका चौधरी पुत्री हरेन्द्र रुण्डला, निवासी गढ़भोपजी एमएससी जन्तुविज्ञान सेमेस्टर प्रथम, रोहित कुमार पुत्र टोडाराम, निवासी डेरावाली-कल्याणपुरा बी.ए.सेमेस्टर तृतीय, बबलू सैनी पुत्र रामनारायण, निवासी बस्सी बी.ए.सेमेस्टर तृतीय का शेखावाटी विश्वविद्यालय ताइक्कांडो टीम में चयन होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. विरेन्द्र कुमार यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, कोच रामसिंह जाट द्वारा खिलाडियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कोच रामसिंह जाट ने बताया कि 16 से 21 मार्च 2026 तक होने वाली विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता महिला वर्ग की टीम फकीर मोहन यूनिवर्सिटी, ओडिशा में खेलेगी तथा पुरुष वर्ग की टीम देव विश्वविद्यालय, जालंधर पंजाबद्ध में खेलेगी। सम्मान समारोह के इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने तालियां बजाकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन नियमित अभ्यास, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण के कारण ही चयन हुआ है। कठिन परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ही ने ही उनका चयन विश्वविद्यालय टीम में कराया है। ये केवल महाविद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की ये खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद वर्मा, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, जितेन्द्र सिंह दायमा, बृजमोहन यादव, प्रदीप शर्मा, श्याम सामोता, कार्यालय प्रभारी धर्मपाल बिजारणिया, विजयपाल सहित समस्त स्टाफमौजूद था।

# एमएसपी गारंटी कानून बनाकर दलहन की खरीद सुनिश्चित की जाए : ओला

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान सहित पूरे देश के दलहन उत्पादक किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि देश में दलहन उत्पादन बढ़ने के बावजूद बड़े पैमाने पर दालों का आयात किया जा रहा है, जिसके कारण किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सांसद ने कहा कि सरकार ने स्वयं स्वीकार किया है कि पिछले तीन वर्षों में दलहन का आयात लगातार बढ़ा है। वर्ष 2024-25 में दलहन आयात बढ़कर 72.56 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जबकि इसके मुकाबले निर्यात की मात्रा बहुत कम रही है। ऐसे में बढ़ता आयात सीधे तौर पर देश के दलहन उत्पादक किसानों के हितों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के झुंझुनू, चुरू, नागौर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जैसे जिलों में बड़ी संख्या में किसान दलहन की खेती करते हैं। जब देश में उत्पादन बढ़ रहा है, तब लगातार बढ़ते आयात के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव पड़ता है और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। सांसद महोदय ने यह भी कहा कि सरकार किसानों की दलहन फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कई जिलों में खरीद की मात्रा बहुत सीमित रहती है, जिससे अधिकांश किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए दलहन आयात नीति की पुनः समीक्षा कर आयात पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाकर दलहनों की व्यापक सरकारी खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को दलहन पर उचित मूल्य मिल सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## जयपुर को गड्ढा, गंदगी और प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य : गुप्ता



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत जयपुर जिले की सभी नगरीय निकायों, रूडीप/अमृत 2.0 परियोजना और जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों की कार्यशाला मंगलवार को नगर निगम जयपुर के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वच्छ भारत मिशन शहरी राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर के.के. गुप्ता ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही नागरिकों के स्वास्थ्य और समृद्धि की कुंजी निहित है। स्वच्छता एक दिन का कार्य नहीं बल्कि पूरे वर्ष निरंतर किए जाने वाला दायित्व है। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर को गड्ढा, गंदगी और प्लास्टिक मुक्त बनाना सभी का लक्ष्य होना चाहिए तथा स्वच्छता कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता को प्रभावी बनाने के लिए 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, वर्ष के 365 दिन समयबद्ध कचरा उठाव, जीपीएस आधारित मॉनिटरिंग और सॉफ्टवेयर के माध्यम से पेनल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही मोहल्लों में आम नागरिकों को जोड़ते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की दिन में तीन बार सफाई, खाली भूखंडों की सफाई नहीं होने पर पेनल्टी और सीज की कार्रवाई, व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई, बिजली के पोलों की लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखने, बेसहारा गायों को गौशालाओं में भेजने, नालियों की हाई-प्रेशर मशीन से सफाई और बाग-बगीचों को स्वच्छ रखने के निर्देश भी दिए। कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर चतुर्थ आशीष कुमार, डीसी ओम थानवी सहित जयपुर जिले के नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक सेवा और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायी पहचान : डॉ प्रभा पारीक

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. प्रभा पारीक का कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी माना जाता है। उन्होंने छात्र जीवन से ही सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है और आज भी विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। डॉ. प्रभा पारीक वर्तमान में ऑल इंडिया पारीक महासभा, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत में प्रांत सह-सचिव तथा राजस्थान समायोजित शिक्षा कर्मी संघ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी निभा रही हैं। छात्र जीवन में भी उनका नेतृत्व उल्लेखनीय रहा है। वे पूर्व में छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुकी हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी में प्रदेश छात्र प्रमुख के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने दुर्गा वाहिनी में जिला संयोजिका के रूप में भी संगठनात्मक कार्यों का नेतृत्व किया है। डॉ. प्रभा पारीक एक कुशल मंच संचालिका के रूप में भी जानी जाती हैं। और विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रभावी मंच संचालन के माध्यम से लोगों को जागरूक और प्रेरित करती रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में वे अध्यापन कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित कर रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा उनके कार्यों की सराहना की जा रही है और उनका व्यक्तित्व अनेक महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190